Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

# पायनियर

Established 1865

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

RNI NO. CHHHIN/2016/70655
वर्ष-09, अंक-191
रायपुर, सोमवार 03 मार्च 2025
पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00

## क्विक न्यूज़

### खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी ने दी देशवासियों को रमजान पर शुभकामनाएं



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रमजान पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए सबकी खुशहाली की कामना की है। खरगे ने रविवार को कहा, मज़ान शुरू हो गया है। हम सब भी प्रार्थना, क्षमा और दूसरों की सेवा की प्रतिबद्धता के लिए नये सिरे आशीर्वाद के रूप में इस पवित्र महीने को अपनाये। आइए हम अपने समुदायों में करुणा, शांति और सौहार्द फैलाने का प्रयास करें। गांधी ने कहा, ''रमज़ान मुबारक। यह पवित्र महीना आपके जीवन को खुशियों से भर दे और आपके दिल को शांति प्रदान करे।

### अरविंदर सिंह साहनी ने 'द स्टेट्समैन विंटेज' कार रैली को दिखाई हरी झंडी



**नयी दिल्ली।** राजधानी में गुजरे जमाने की दुर्लभ कारों की 'द स्टेट्समैन विंटेज एंड क्लासिक' कार रैली के 58वें संस्करण को इंडियन ऑयल के अध्यक्ष मुख्य अतिथि अरविंदर सिंह साहनी ने रविवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बाराखंभा रोड स्थित द स्टेट्समैन हाउस पर भव्य-समारोह के बीच शुरू हुई विंटेज कार रैली में दुर्लभ वाहनों के शौकीन, मोटर वाहन इतिहास के प्रेमी और विंटेज एवं क्लासिक कारों के संग्रहकर्ता पूरी शानो-शौकत और जोशोखरोश के साथ शामिल हुए।

### करंट से मृत चार लोगों के परिवारों को सहायता राशि



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कन्याकुमारी जिले के किलियूर में चर्च उत्सव के लिए सजावट का काम करते समय बिजली का करंट लगने से मृत चार लोगों के परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। स्टालिन ने मुख्यमंत्री सार्वजनिक राहत कोष से मृतकों के परिवारों को यह सहायता राशि देने की घोषणा की। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति हार्दिक संवेदना भी व्यक्त की।

# बजट आज, साय कैबिनेट में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की सुशासन वाली विष्णु सरकार के दूसरे साल का बजट आज पेश होगा। इसके पहले रविवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ आबकारी नीति वित्तीय वर्ष 2025-26 का अनुमोदन किया गया। वर्ष 2025-26 की आबकारी नीति वर्ष 2024-25 की भांति होगी। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 674 मदिरा दुकानें तथा आवश्यकता अनुसार प्रीमियम मदिरा दुकानें संचालित करने का निर्णय भी यथावत् रखा गया है। देशी मदिरा की आपूर्ति पूर्ववत् रेट ऑफर प्रभावी रहेगा। विदेशी मदिरा थोक क्रय, वितरण छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा होगा। मदिरा पर लागू अधोसंरचना विकास शुल्क यथावत् रहेगा। विदेशी मदिरा फुटकर दुकानों पर 9.5 प्रतिशत की दर से लगने वाला अतिरिक्त आबकारी शुल्क समाप्त होगा। मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ लोक परिसर (बेदखली) (संशोधन) विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा ईज ऑफ डुइंग बिजनेस के हित को देखते हुए ई-प्रोक्योरमेंट के लिए गठित सशक्त समिति को समाप्त करने का निर्णय लिया। चूंकि वर्तमान में पीएफआईसी द्वारा 100 करोड़ रूपए से उपर की परियोजनाएं स्वीकृत किए जा रहे हैं। बड़ी आईटी परियोजनाओं के संबंध में पहले से सशक्त समिति अनुमोदन की अनिवार्यता होने से अनुमोदन प्रक्रिया का डुप्लिकेशन होता है। इस कारण सशक्त समिति को समाप्त करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण और उपभोक्ता मामलों की समयबद्ध सुनवाई के लिए सदस्य का एक नवीन पद सृजित करने का निर्णय लिया गया। खरीफ विपणन वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 के समर्थन मूल्य योजना में धान एवं चावल परिवहन की दर के लिए गठित राज्य स्तरीय समिति की अनुशंसा दर को स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया। छत्तीसगढ़ श्रम विधियां संशोधन एवं विविध प्रकीर्ण उपबंध विधेयक-2025 के माध्यम से कारखाना अधिनियम-1948, औद्योगिक विवाद अधिनियम-1947 तथा ट्रेड यूनियन अधिनियम-1976 में संशोधन के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। रजिस्ट्रीकरण अधिनियम-1908 (छत्तीसगढ़ संशोधन) विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। रजिस्ट्री ऑफिसों के नियमित रूप से संचालन के लिए वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग में उप पंजीयक के पदोन्नति श्रेणी के रिक्त 9 पदों की पूर्ति के लिए पांच वर्ष की अर्हकारी सेवा में एक बार के लिए छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया। राज्य में 01 नवम्बर 2024 से औद्योगिक विकास नीति 2024-30 प्रभावशील है। इसे और अधिक प्रभावी बनाने के लिए वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ शासन भण्डार क्रय नियम-2002 में प्रस्तावित संशोधन के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ सरकार एवं व्यक्ति विकास केन्द्र इंडिया (द आर्ट ऑफ लिविंग) के मध्य आजीविका सृजन एवं ग्रामीण छत्तीसगढ़ का कल्याण विषयक एमओयू के लिए राज्य सरकार के सुशासन एवं अभिसरण विभाग को अधिकृत किया गया।

# वित्त मंत्री ओपी चौधरी पेश करेंगे बजट

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



वित्त मंत्री ओपी चौधरी छत्तीसगढ़ का बजट-2025 आज विधानसभा में पेश करेंगे। बजट पेश करने के पूर्व वित्त मंत्री चौधरी ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि पिछले 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने निरंतर प्रगति की है। हमारे बजट का आकार लगातार बढ़ रहा है, और इस साल भी यह पिछले वर्ष की तुलना में और बड़ा होगा। राज्य की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है, जिससे विकास के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। चौधरी ने कहा कि यह बजट पिछले साल के बजट का अगला कदम होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प की तर्ज पर हमारा भी लक्ष्य है कि 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण करें। यह बजट हमें उस दिशा में आगे ले जाने वाला साबित होगा। वित्त मंत्री ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार पिछले सवा साल से छत्तीसगढ़ की जनता के लिए पूरी निष्ठा से काम कर रही है। कल का बजट हमारी सरकार का दूसरा बजट होगा और पूरी तरह से छत्तीसगढ़ को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए समर्पित होगा। यह पिछले बजट का ही विस्तार होगा।

### सीएम रेखा ने पूर्वांचल के लोगों को बताया हनुमान

**नयी दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पूर्वांचलवासियों को हनुमान की उपाधि देते हुए कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी में भाजपा की जीत का श्रेय आप लोगों को जाता है. क्योंकि पार्टी के हनुमान बनकर आप लोगों ने जो काम किया, उसी की वजह से ये जीत नसीब हुयी। रेखा ने दिल्ली भाजपा के मुख्यालय 14 पंत मार्ग में पार्टी के पूर्वांचल मोर्चा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कहा कि बार-बार जिक्र आता है कि दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की सरकार बनी है।

## ईपीआईसी नम्बर समान होने से मतदाता फर्जी नहीं होता : निर्वाचन आयोग


पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि अलग अलग राज्यों के मतदाताओं के ईपीआईसी नम्बर समान होने का मतलब यह नहीं है कि ये फर्जी मतदाता हैं। आयोग ने मीडिया और सोशल मीडिया में आई रिपोर्टों का संज्ञान लेते हुए कहा कि दो मतदाताओं के ईपीआईसी नम्बर समान हो सकते हैं और इसका यह मतलब नहीं है कि वे फर्जी मतदाता हैं। इन नम्बरों को ठीक करने की भी बात कही गयी है। आयोग ने कहा, कुछ सोशल मीडिया पोस्ट और मीडिया रिपोर्टों का संज्ञान लिया गया है, जिसमें दो अलग-अलग राज्यों के मतदाताओं के समान ईपीआईसी नंबर होने के मुद्दे को उठाया गया है। इस संबंध में, यह स्पष्ट किया जाता है कि कुछ मतदाताओं के ईपीआईसी नंबर समान हो सकते हैं, लेकिन समान ईपीआईसी नंबर वाले मतदाताओं के लिए जनसांख्यिकीय विवरण, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र और मतदान केंद्र सहित अन्य विवरण अलग-अलग हैं। ईपीआईसी नंबर चाहे जो भी हो, कोई भी मतदाता अपने राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के अपने संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में अपने निर्धारित मतदान केंद्र पर ही वोट डाल सकता है, जहां उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है और कहीं और नहीं।

## नशा तस्करों को दंडित करने में मोदी सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही : शाह

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि पैसे के लालच में युवाओं को नशे की अंधेरी खाई में धकेलने वाले नशा तस्करों को दंडित करने में मोदी सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है। शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सरकार का संकल्प नशामुक्त भारत के निर्माण के लिए कठोर और सावधानीपूर्वक जांच के साथ नशीली दवाओं के खतरे से लड़ना है। गृह मंत्री ने कहा कि 'उपर से नीचे' और 'नीचे से उपर तक' जांच की अचूक रणनीति के परिणामस्वरूप भारत भर में 12 अलग-अलग मामलों में 29 नशा तस्करों को अदालतों ने दोषी ठहराया है। उन्होंने कहा कि यह सफलता इसी दृष्टिकोण का प्रमाण है। मादक पदार्थों के खिलाफ मोदी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के अनुसरण में, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि ये सजाएँ अदालतों के समक्ष दायर मामलों के सफल अभियोजन को सुनिश्चित करने के लिए ब्यूरो के समर्पण का उदाहरण हैं।

## डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन जेलेंस्की से चाहता है सार्वजनिक माफी

वार्ता ◄ मॉस्को
www.dailypioneer.com



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का प्रशासन व्हाइट हाउस में एक बैठक के दौरान हुए विवाद के बाद उक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की से सार्वजनिक माफी चाहता है। ब्लूमबर्ग ने एक अज्ञात यूरोपीय अधिकारी के हवाले से यह खबर दी है। वॉशिंगटन में शुक्रवार को ट्रम्प और जेलेंस्की के बीच मुलाकात हुई और बाद में यह तकरार में बदल गई। दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई थी, जिसमें ट्रम्प ने जेलेंस्की पर आरोप लगाया था कि वह रूस के साथ शांति वार्ता में सहयोग नहीं कर रहे हैं। इस पर यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा था कि यूक्रेन को रूस के साथ शांति वार्ता में सहयोग करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। मीडिया की रिपोर्ट में कहा गया, ट्रम्प ने गरमा-गरम बहस के बाद जेलेंस्की को बाहर निकाल दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने जेलेंस्की के रवैये से अपमानित महसूस किया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच दुर्लभ पृथ्वी धातुओं पर एक समझौते पर हस्ताक्षर रद्द कर दिया गया। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने 'सीएनएन' के साथ एक साक्षात्कार में यूक्रेन के राष्ट्रपति से ट्रम्प के साथ अपनी बैठक के बाद माफी मांगने का आग्रह किया है। विदेश मंत्री का बयान दोनों राष्ट्रपतियों के बीच व्हाइट हाउस में हुई बैठक के बाद आया है, जिसमें दोनों नेताओं के बीच तीखी नोकझोंक हुई थी। विदेश मंत्री ने कहा, ज़ेलेंस्की को अपने व्यवहार के लिए माफी मांगनी चाहिए, जिसने बैठक को 'फियास्को' में बदल दिया। ट्रम्प यूक्रेन और रूस के बीच शांति वार्ता को बढ़ावा देना चाहते हैं, लेकिन जेलेंस्की के व्यवहार ने इस प्रयास को पटरी से उतार दिया है।

## कांग्रेस आज करेगी ईडी दफ्तर का घेराव

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा अपनी सीमाओं से परे जाकर भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर कांग्रेस नेताओं को प्रताड़ित करने के विरोध में आज ईडी दफ्तर का घेराव करेगी। गौरतलब है कि ईडी ने कांग्रेस के सुकमा जिला कार्यालय के निर्माण के संबंध में जानकारी मांगी थी। ईडी को जानकारी देने गये प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू को ईडी ने जबरिया नौ घंटे रोके रखा। ईडी की कार्यप्रणाली से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने रविवार को कहा कि ईडी अपनी जांच करे, कांग्रेस उसमें पूरा सहयोग करेगी लेकिन यदि ईडी जबरिया कांग्रेस नेताओं से दुर्व्यवहार करेगी तो उसको उसी की भाषा में जवाब दिया जायेगा। ईडी भाजपा के एजेंट की भांति काम कर रही है। भाजपा राज्य में विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए ईडी का दुरुपयोग कर रही है। ईडी के अधिकारी भी अपने शासकीय कर्मचारी होने की मर्यादा को भूलकर भाजपा कार्यकर्ता की भांति काम कर रही है। कांग्रेस इसका विरोध करती है तथा ईडी के कार्यप्रणाली के विरोध में कांग्रेस सुभाष स्टेडियम स्थित ईडी दफ्तर का घेराव करेगी। कांग्रेस ने मांग की है कि सिर्फकांग्रेस का ही क्यों वह भाजपा के भी खर्चों की पड़ताल करे ईडी में साहस है तो वह भाजपा के 150 करोड़ की लागत से बने भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे को बनाने का रुपया कहां से आया इसकी जांच करे, कुशाभाऊ ठाकरे परिसर फाईव स्टार होटल की तर्ज पर बनाया गया है। रायपुर में ही भाजपा के कार्यालय एकात्म परिसर की जमीन राजनैतिक दल के कार्यालय के लिये भाजपा ने महज एक रुपये में हासिल किया था। एकात्म परिसर को व्यवसायिक काम्प्लेक्स में तब्दील कर दिया गया जहां से 1.5 करोड़ रुपया किराया भाजपा वसूलती है ईडी उसकी जांच करेगी?

## हिमस्खलनः तीन श्रमिकों के शव बरामद अब तक सात की मौत, एक लापता

एजेंसी ◄ देहरादून
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड में भारत-चीन सीमा पर स्थित माणा गांव के पास शुक्रवार को हुए हिमस्खलन की चपेट में आकर लापता चल रहे तीन श्रमिकों के शव रविवार को खोज एवं बचाव दलों ने बरामद किए हैं। इससे पहले शनिवार रात चार श्रमिकों के शव बरामद किए गए थे। इस प्रकार अब तक कुल सात श्रमिकों के शव बरामद कर लिए गए हैं। वहीं, देहरादून निवासी एक व्यक्ति अभी भी लापता है। आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन ने अपराह्न बताया कि लापता एक श्रमिक की तलाश जारी है। खोज एवं बचाव दलों द्वारा उसका रेस्क्यू किए जाने के लिए युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ज्योतिर्मठ में मृत श्रमिकों का पोस्टमार्टम किए जाने की कार्यवाही गतिमान है। मृतकों के शवों को उनके घर पहुंचाने के लिए प्रशासन द्वारा व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि सुरक्षित रेस्क्यू किए गए 44 श्रमिकों को ज्योतिर्मठ में सेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां सभी की स्थिति सामान्य है। उनके उपचार की समुचित व्यवस्था की गई है तथा उनकी जरूरतों का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। सुमन ने बताया कि गंभीर रूप से घायल दो श्रमिकों का एम्स, ऋषिकेश में उपचार किया जा रहा है। एम्स, ऋषिकेश प्रशासन से प्राप्त सूचना के अनुसार उनकी स्थिति में सुधार है।

### पहल के एक भाग के रूप में वस्त्र मंत्रालय ने 'कपास उत्पादकता मिशन' पर एक महत्वपूर्ण चर्चा की

## प्रधानमंत्री मोदी ने कृषि एवं ग्रामीण समृद्धि पर बजट बाद वेबिनार का किया उद्घाटन

एजेंसी ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृषि एवं ग्रामीण समृद्धि पर बजट बाद वेबिनार का उद्घाटन किया। इस वेबिनार का आयोजन कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने कपड़ा मंत्रालय के सहयोग से किया था। इस कार्यक्रम में केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह, वस्त्र सचिव नीलम शमी राव और विभिन्न सरकारी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस सत्र में कृषि क्षेत्र के प्रमुख हितधारकों और विशेषज्ञों ने भी भाग लिया। उद्घाटन भाषण के बाद, वेबिनार में विभिन्न आगामी योजनाओं और मिशनों पर केंद्रित कई शुरूआती सत्र आयोजित किए गए। वस्त्र सचिव नीलम शमी राव ने कपास मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने के लिए सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने फाइबर परीक्षण अवसंरचना का विस्तार करने, एक्स्ट्रा लॉन्ग स्टेपल (ईएलएस) कपास के बीजों का उत्पादन बढ़ाने और भारत के कपास क्षेत्र की वृद्धि और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए कस्तूरी कॉटन भारत पहल को और विकसित करने जैसी प्रमुख पहलों के बारे में बताया। इस पहल के एक भाग के रूप में वस्त्र मंत्रालय ने 'कपास उत्पादकता मिशन' पर एक महत्वपूर्ण चर्चा की। इस सत्र में केन्द्रीय वस्त्र और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी, राज्य सरकार के प्रतिनिधि, उद्योगों के हितधारक तथा कपास किसानों और कपास ओटाई करने वालों सहित वस्त्र मूल्य श्रृंखला के अग्रणी विशेषज्ञ शामिल हुए। वेबिनार में पैनलिस्टों के एक विविध समूह की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जिसमें उद्योग जगत के लीडर, राज्य और केंद्र दोनों स्तरों के नीति निर्माता, प्रख्यात वैज्ञानिक, अनुसंधान विशेषज्ञ और किसान शामिल थे। प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने, बाज़ार संबंधों को मज़बूत करने और टिकाऊ कपास उत्पादन में नवाचार को बढ़ावा देने पर चर्चाएं की गईं। उत्पादकता बढ़ाने और दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उन्नत तकनीकों का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए कपास किसानों की सहायता करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया। वेबिनार का समापन केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री द्वारा साझा की गई भावनाओं को दोहराते हुए किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमारे किसान समृद्ध और सशक्त हों, इसके लिए विभिन्न मंत्रालयों द्वारा समन्वित कदम उठाए जाने चाहिए।

### मोदी ने रमजान महीने की शुरुआत पर लोगों को दी शुभकामनायें

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रमजान का महीना शुरू होने पर लोगों को शुभकामनायें देते हुये इस अवसर समाज में शांति और सद्भाव की कामना की है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, रमज़ान का पवित्र माह शुरू हो रहा है, उम्मीद है कि यह हमारे समाज में शांति और सद्भाव लेकर आयेगा। यह पवित्र महीना आत्मचिंतन, कृतज्ञता और आस्था का प्रतीक है, साथ ही यह हमें करुणा, दया और सेवा के मूल्यों की याद दिलाता है। गौरतलब है कि रविवार से रमजान माह की शुरुआत हो रही है। इस्लाम धर्मावलंबियों के आज से रोजे शुरू हो गये हैं और ईद के साथ इनका समापन होता है।

## किसी की मदद करते समय उसे धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करना असहनीय : धनखड़

पायनियर संवाददाता ◄ तिरुवनंतपुरम
www.dailypioneer.com



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि किसी की मदद करते समय उसे धर्म परिवर्तन के प्रेरित नहीं करना चाहिए और यह असहनीय है। धनखड़ ने भारतीय विचारकेन्द्रम की ओर से आयोजित 'लोकतंत्र, जनसांख्यिकी, विकास और भारत का भविष्य' विषय पर चौथे पी. परमेश्वरन स्मारक व्याख्यान में इस आशय के उद्गार व्यक्त किये। उन्होंने कहा, चुनौती विभिन्न रूपों में आ रही है जिनमें एक है प्रलोभन, लालच, जरुरतमंदों एवं कमजोर लोगों तक पहुंचना तथा सहायता प्रदान करना और फिर सूक्ष्म तरीके से धर्म परिवर्तन का सुझाव देना है। देश सभी को अपनी पसंद का धर्म रखने की अनुमति देता है। यह हमारा मौलिक अधिकार है। यह हमें हमारी सभ्यतागत संपदा से मिला है लेकिन अगर इसके साथ छेड़छाड़ की जाती है अथवा इसे तोड़ा-मरोड़ा जाता है, तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। लालच और प्रलोभन इसके लिए आधार नहीं हो सकते। उन्होंने कहा, जब कोई व्यक्ति पीड़ा में हो, कठिनाई में हो, जरुरतमंद हो, तो उसकी मदद करते हुए उसे धर्मांतरण की ओर न धकेलें। यह असहनीय है। चाहे मैं कितनी भी कोशिश करूं लेकिन चिंता की गंभीरता और चुनौती की विशालता को व्यक्त नहीं कर पाऊंगा जिसका सामना हम इन सुनियोजित, सुनियोजित, आर्थिक रूप से समर्थित दुस्साहसों के कारण कर रहे हैं जिनका उद्देश्य धर्मांतरण को प्रभावित करना है। कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़, केरल के राज्यपाल आर.वी. आर्लेकर, पूर्व केंद्रीय मंत्री वी. मुरलीधरन, पूर्व भाजपा विधायक ओ राजगोपाल, भारतीय विचार केंद्रम के निदेशक आर संजयन तथा अध्यक्ष सीवी जयमणि और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## सरकार में इच्छा शक्ति हो तो बेहतर प्लान के साथ सब के हित में हो सकता है काम : तेजस्वी

एजेंसी ◄ पटना
www.dailypioneer.com




बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि सरकार में इच्छा शक्ति हो तो बेहतर प्लान के साथ सब के हित में काम हो सकता है लेकिन नीतीश सरकार एक थकी हुई सरकार है, जो जनता के हित में निर्णय नहीं ले पा रही है। यादव ने राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश कार्यालय स्थित कर्पूरी सभागार में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बिहार सरकार कैसे काम कर रही है, यह नीति आयोग की रिपोर्ट से ही स्पष्ट होता है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार शिक्षा, चिकित्सा, कृषि के क्षेत्र में बिहार फिसड्डी है। पलायन और शिक्षा की बदहाली से लोग काफ ी परेशान हैं लेकिन इस दिशा में सरकार के स्तर से कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि बिहार में भ्रष्टाचार, अपराध, गरीबी और बेरोजगारी से आम लोग तंग आ चुके है। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री कुछ करने की बजाय हमेशा अपना पुराना टेप रिकॉर्डर बजाते रहते हैं और वर्ष 2005 के पहले की बातें ही बार-बार दोहराते हैं। यादव ने विधानसभा में सोमवार को पेश होने वाले बजट में राज्य की सभी महिलाओं के लिए प्रति माह 2500 रुपये की मदद देने तथा वृद्धावस्था, दिव्यांगता और विधवा पेंशन की राशि को 400 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये किए जाने की घोषणा करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद यात्रा में उन्होंने आठ हजार पंचायत प्रतिनिधियों से सीधा संवाद किया और जिलों में महिलाओं की बातें भी सुनी। संवाद यात्रा के क्रम में उन्हें जो फीडबैक मिला और जो अनुभव किया, उससे पता चलता है कि महिलाएं, मजदूर और गरीब सबसे अधिक महंगाई से परेशान हो रहे है।

भारत में एक से अधिक लेखकों द्वारा पुस्तक वाचन में अब तक की सबसे बड़ी दर्शक संख्या 1,33,234

# प्रेम रावत ने जे.के. रोलिंग का बुक रीडिंग रिकॉर्ड तोड़ा, नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया

पायनियर संवाददाता < मिर्जापुर
www.dailypioneer.com







अंतर्राष्ट्रीय लेखक प्रेम रावत और भारतीय लेखक विपुल रिखी ने एक साथ सबसे बड़े 'एक से अधिक लेखक पुस्तक वाचन' का नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश में राज विद्या केंद्र द्वारा आयोजित इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में 1,33,234 लोगों की विशाल समूह को संबोधित किया। यह संख्या जे.के. रोलिंग और कनाडा के दो लेखकों द्वारा वर्ष 2000 में बनाए गए 20,264 लोगों के पिछले रिकॉर्ड से लगभग 1,13,000 अधिक है। प्रेम रावत, जो न्यूयॉर्क टाइम्स के बेस्टसेलिंग लेखक हैं और स्वयं की आवाज जैसी चर्चित पुस्तक लिख चुके हैं, ने अपनी नई पुस्तक श्वास जीवन के प्रति जागरूक हो के अंश पढ़े। यह पुस्तक अंग्रेजी में पैन मैकमिलन और हिंदी में हार्पर कॉलिन्स इंडिया द्वारा प्रकाशित की गई है। उन्होंनें अपनी पुस्तक से पढ़ कर सुनाया कि श्वास आपके अंदर आती है और आप जीवित रहते हैं। जो शक्ति पूरे ब्रह्मांड में व्याप्त है, वही श्वास के रूप में आपके अंदर आती है और आपको जीवन देती है। जो अविनाशी है, अनंत है उसको महसूस करें। और जब आप उससे जुड़ जातें हैं, उस पल यह श्वास अनंत हो जाती है। अंदर की ओर मुड़िए, इस श्वास को महसूस कीजिए। यही सबसे अविश्वसनीय चमत्कार है। जिस आनंद को आप खोज रहे हैं, वह बाहर नहीं, बल्कि आपके अंदर मौजूद है। इस आयोजन में विपुल रिखी ने भी अपनी पुस्तक ड्रंक ऑन लव कबीर की रचनाओं की काव्यात्मक व्याख्या, के अंश पढ़े। यह पुस्तक भी हार्पर कॉलिन्स इंडिया द्वारा प्रकाशित की गई है। उन्होंने कबीर के इस दोहे का अनुवाद सुनाया। स्वांस स्वांस में नाम ले विरथा स्वांस मत खोये, ना जाने इस स्वांस का फिर आवन होये ना होये' हर साँस में उसके नाम को याद करो, एक भी साँस व्यर्थ न जाने दो। कौन जानता है कि अगला पल आएगा या नहीं, अगली साँस मिलेगी या नहीं। यह प्रेम रावत का तीसरा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड है। इससे पहले, उन्होंने 2023 में दो रिकॉर्ड बनाए थे 'एक लेखक पुस्तक वाचन' में सबसे बड़ी दर्शक संख्या, जिसमें 1,14,704 लोग शामिल हुए थे, और सबसे बड़े 'व्याख्यान (लेक्चर)' में भाग लेने वाली दर्शक संख्या, जिसमें 3,75,603 लोग उपस्थित थे। यह नया रिकॉर्ड उनकी प्रेरणादायक शांति और आशा के संदेश की विश्वविख्यात लोकप्रियता को दर्शाता है, जिससे भारत और दुनिया भर में लाखों लोग प्रभावित हो रहे हैं। इस ऐतिहासिक आयोजन की इतनी बड़ी और शानदार प्रतिक्रिया देखकर हम बेहद उत्साहित हैं। राज विद्या केंद्र और अंतरराष्ट्रीय संगठन वर्ड्स ऑफ पीस ग्लोबल के प्रवक्ता लोहित शर्मा ने कहा। यह कार्यक्रम दर्शाता है कि प्रेम रावत का संदेश लोगों को शांति की ओर प्रेरित करने में कितना प्रभावशाली है, जो आज की दुनिया के लिए बहुत जरूरी है। प्रेम रावत 1970 के दशक में एक बाल प्रतिभा और युवा आइकन के रूप में शुरुआत करने वाले और बाद में शांति दूत एवं न्यूयॉर्क टाइम्स के बेस्टसेलिंग लेखक व गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक बने। उन्होंने लाखों लोगों को प्रेरणा, स्पष्टता और जीवन की गहरी समझ दी है। मात्र 4 वर्ष की उम्र में उनका पहला भाषण प्रकाशित हुआ था। प्रेम रावत अमेरिका में रहते हैं, लेकिन वर्ष में 9 महीने अंतरराष्ट्रीय यात्रा करते हैं, जहां वे लोगों को आंतरिक शांति का अनुभव करने की दिशा में प्रेरित करते हैं। उनके विश्वस्तरीय प्रयास 100 से अधिक देशों में फैले हुए हैं, जहां वे शांति, खुशी और आशा का संदेश देते हैं। प्रेम रावत न्यूयॉर्क टाइम्स के बेस्टसेलिंग लेखक हैं और उनकी चर्चित पुस्तक स्वयं की आवाज दुनिया भर में लोकप्रिय रही है। उनके व्याख्यानों पर आधारित पीस एजुकेशन प्रोग्राम को 87 देशों में दिखाया जा रहा है। उन्होंनें दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनायें हैं सबसे बड़े 'एक लेखक पुस्तक वाचन' में 1,14,704 लोगों की उपस्थिति और सबसे बड़े 'व्याख्यान (लेक्चर)' में 3,75,603 लोगों की भागीदारी। उनकी नई पुस्तक श्वास जीवन के प्रति जागरूक हों, जो पैन मैकमिलन द्वारा अंग्रेजी में और हार्पर कॉलिन्स इंडिया द्वारा हिंदी में प्रकाशित की गई है, हाल ही में रिकॉर्ड-ब्रेकिंग कार्यक्रम में पढ़ी गई। केवल एक वक्ता या लेखक ही नहीं, बल्कि एक आविष्कारक, संगीतकार, कलाकार, फोटोग्राफर और कुशल जेट व हेलीकॉप्टर पायलट भी हैं, जिनके पास 15,000 घंटे के उड़ान समय का अनुभव है। वे विवाहित हैं और उनके चार बच्चे और चार पोते-पोतियाँ हैं। विपुल रिखी एक लेखक, गायक, कवि, कथाकार और अनुवादक हैं, जो पिछले 10 वर्षों से कबीर और अन्य भक्ति-सूफी कवियों की मौखिक परंपराओं से गहराई से जुड़े हुए हैं। वे कई कविता, कथा और अनुवाद पुस्तकों के लेखक हैं।



## पायनियर हलचल...

### लूट सको तो लूट लो ऑफर को चन्द्राकर ने उलझाया?




नवा रायपुर डवलवमेन्ट अथॉरिटी इन दिनों लूट सको तो लूट लो ऑफर के लिए चर्चित है। एनआरडीए के कारनामों की कहानी दबे जुबान ही सही लेकिन विधानसभा तक पहुंच गई। कुरुद विधायक अजय चन्द्राकर ने विधानसभा में वेटलैंड का मामला उठाया। चन्द्राकर ने यह मामला क्यों उठाया? इसकी चारों ओर चर्चा हो रही है। खैर यह अजय चन्द्राकर का विशेषाधिकार है। दरअसल कहा जा रहा है कि एनआरडीए ने इन दिनों सरकारी जमीनों को औने-पौने दाम में बिल्डरों व अन्य को बेचना शुरु कर दिया है। जिसके कारण सरकारी जमीनों पर बड़े खेल की आशंका जताई जा रही है। शायद इसीलिए अजय चन्द्राकर द्वारा विधानसभा में वेटलैंड पर पूछा गया सवाल घड़ी में 12 बजते- बजते झांझ पर समाप्त हुआ? वेटलैंड, झांझ और नवा रायपुर की आखिर कहानी क्या है? नियम और परम्परा की सूझ रखने वाले अजय चन्द्राकर यह भली-भांति जानते हैं कि कोई भी मास्टर प्लान सुप्रीम कोर्ट से बड़ा नहीं होता। शायद वह यह भी जानते हैं कि 18.64 एकड़ में ब्रान्डेड रेसीडेन्सी का मामला सिर्फ झांझ, वेटलैंड और सुप्रीम कोर्ट द्वारा ही रोका जा सकता है। बहरहाल चन्द्राकर का मकसद जो भी हो लेकिन वेटलैंड पर पूछे गए उनके सवाल ने नवा रायपुर में जमीनों की लूट को उलझा दिया है।

### जाके पांव फटे न बिवाई, वो का जाने पीर पराई



जी हां यह बात सोलह आने सच है कि गरीबों और जरुरतमंद का दर्द वही समझ सकता है, जिसने उनके दर्द को महसूस किया हो, जिसने उनके दर्द को नजदीक से देखा हो। मुख्यमंत्री साय ने अपने जीवन का ज्यादातर हिस्सा गांव-गरीब के बीच गुजारा है। 12 वर्ष की उम्र में पिता का साया उठ जाने के बाद भी वह जनसेवा की राह पर चलते रहते। विपरीत परिस्थितियों में भी वह जनता के बीच डटे रहे। भला उनसे बेहतर गांव-गरीब के दर्द को कौन समझ सकता है। दरअसल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा का जबाव देते हुए कहा कि **'जाके पांव फटे न बिवाई, वो का जाने पीर पराई'** सीएम साय का कहना है कि गांव-गरीबों का दर्द कांग्रेस नहीं समझ सकती। अपनी सरकार के दूसरे बजट सत्र में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कान्फीडेंस देखते ही बनता था। वह सहज और सरल भाव से सदन में गैर मौजूद विपक्ष पर एक से एक तीर छोड़ते नजर आये। विधानसभा में सरकार की हर एक योजनाओं का लाभ जनता को दिलाने का लक्ष्य लिए विष्णुदेव साय का स्पीच सभी को सम्मोहित करते रहा।

### पुलिस की गिरती साख, जिम्मेदार कौन?



राज्य में लगातार पुलिस की साख गिरते नजर आ रही है। पुरानी सरकार में तो सत्ताधारी दल के विधायक रहे शैलेश पांडे ने रेट लिस्ट तक की बात कह डाली थी। खैर अब निजाम बदल चुका है, पुलिस की कार्यप्रणाली भी बदल जानी चाहिए। लेकिन अब भी बहुत कुछ बदलते नहीं दिख रहा। पुलिस अपने कार्यप्रणाली को लेकर एक बार फिर घिरते नजर आ रही है। एक एडिशलन एसपी के इशारे पर राज्य के प्रमुख विपक्षी दल के चीफ के यहां रैकी की घटना सामने आई है। इस घटना के बाद पूरा विपक्ष आग बबूला है, गुस्से में विपक्ष ने विधानसभा की कार्यवाही तक का बहिष्कार कर दिया। पुलिस द्वारा भेजे गए दल का वीडियो पब्लिक डोमेन में मौजूद है। राज्य की जनता भी इस घटना को उचित नहीं मान रही। पुलिस के अफसरों का अपने मूल काम को छोड़ ऐसी घटनाओं में शामिल होना निश्चित ही चिंता का विषय है। इस घटना के बाद एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं कि आखिर पुलिस की गिरती साख का जिम्मेदार कौन हैं?

### महाराष्ट्र की तर्ज पर छत्तीसगढ़ की महिलाओं का वंदन?



3 मार्च को वित्त मंत्री ओपी चौधरी अपने कार्यकाल का दूसरा बजट पेश करेंगे। कहते है कि ओपी चौधरी का दूसरा यह बजट राज्य की महिलाओं के लिए समर्पित होगा। वर्तमान में छत्तीसगढ़ की महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये महतारी वंदन की राशि दी जा रही है। वहीं भाजपा की ही सरकार महाराष्ट्र में महिलाओं को 1500 रुपये प्रतिमाह दे रही है। इसके साथ ही मध्यप्रदेश में यह राशि लाडली बहनों को 1250 रुपये प्रमिताह दी जा रही है। महाराष्ट्र में इसे आगामी दिनों में बढ़ाकर 2500 रुपये प्रतिमाह किया जा सकता है। इसको देखते हुए राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी अपने दूसरे बजट में वंदनीय महतारियों के लिए पिटारा खालने जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि महतारी वंदन की राशि 1000 से बढ़ाकर 1500 रुपये प्रतिमाह की जा सकती है।

### यह मेरी क्लास है, यहां जनता को जवाब देना पड़ेगा



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल की ही तरह छत्तीसगढ़ विधानसभा का भी कुशलता से संचालन करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने बजट सत्र के दौरान राज्य के मंत्रियों को साफ संदेश दिया है कि यह मेरी क्लास है, यहां जवाब देना पड़ेगा, यहां कोई आनाकानी नहीं चलेगी। दरअसल विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मंत्रियों द्वारा दिए जाने वाले आश्वासन पर नाराजगी जताई। स्पीकर ने साफ तौर पर मंत्रियों को हिदायत दी कि आश्वासन संबंधी जवाब सत्र के दौरान ही दिए जाएंगे, यहां गड़बड़ नहीं चलेगी। विधानसभा में जवाब देने में देरी को लेकर अफसरों की गंभीरता की बात का मामला सामने आया था, जिस पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कड़े तेवर दिखाये। डॉ. रमन सिंह विधानसभा में सभी सदस्यों को बात रखने का पूरा अवसर प्रदान कर रहे हैं। रमन सिंह ने विषय के गंभीरता को देखते हुए मंत्रियों को जवाब देने की हिदायत दी है।

### तब 'लड़े से टरे बने' और अब क्या ?



नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत राज्य में कांग्रेस की सत्ता रहते हुए पार्टी के बीच चल रहे द्वंद के दौरान कहा था कि **'लड़े से टरे बने'**। दरअसल उस दरम्यान महंत राज्य में विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे थे। इस दौरान दो बड़े नेताओं के बीच कुर्सी का द्वंद चल रहा था। दोनों ओर से राजनीतिक तीर छोड़े जा रहे थे। तब डॉ. महंत ने विवाद को लेकर साफ तौर पर कहा था कि **'लड़े से टरे बने'**। इसके साथ ही डॉ. चरणदास महंत कबीर के दोहे का भी अनुशरण करते हैं। महंत कई बार यह कहते नजर आते हैं कि **'न काहू से दोस्ती न काहू से बैर...'**। लेकिन हाल ही में कांग्रेस के कद्दावर नेता डॉ. चरणदास महंत ने पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव से दोस्ती का ऐलान खुले मंच से किया। महंत का वह बयान राजनीति में चर्चा का विषय बना हुआ है। जिसमें डॉ. चरणदास महंत सार्वजनिक रूप से यह कहते नजर आए कि राज्य में अगला चुनाव टीएस सिंहदेव के नेतृत्व में लड़ा जाएगा, तो क्या यह सिंहदेव से महंत की दोस्ती नहीं है क्या? फिर **'न काहू से दोस्ती न काहू से बैर'** का क्या?


editor.pioneerraipur@gmail.com


# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में लोकतंत्र के नवयुग का शुभारंभ

## नगर पालिक निगम अंबिकापुर के नवनिर्वाचित महापौर एवं पार्षदों का भव्य शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम अंबिकापुर के नवनिर्वाचित महापौर एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह अंबिकापुर में पीजी कॉलेज हॉकी स्टेडियम में संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में कलेक्टर विलास भोसकर ने महापौर मंजूषा भगत और पार्षदों को 8-8 के समूह में शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि नगर निगम अंबिकापुर का यह शपथ ग्रहण समारोह जनता के विश्वास, लोकतांत्रिक मूल्यों और नगर के विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। नगर सरकार 'अटल विश्वास पत्र' में किए गए सभी वादों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ महापौर और पार्षदों को चुना है, वे उस पर खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि अंबिकापुर को स्वच्छ, स्मार्ट और समृद्ध नगर बनाने के लिए सभी को एकजुट होकर काम करना होगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएँ देते हुए नगर के विकास में पारदर्शिता और प्रभावी प्रशासन पर जोर दिया। इस अवसर पर कृषि मंत्री राम विचार नेताम, सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## किरन्दुल में एनएमडीसी वर्कर्स फेडरेशन के तत्वाधान में मजदूरों की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल जारी



पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के कर्मचारी ऑल इंडिया एनएमडीसी वर्कर्स फेडरेशन के तत्वाधान में पेंडिंग वेज रिवीजन के साथ साथ अन्य तीन सूत्रीय मांगों को लेकर चौथे दिन भी दोपहर 01 बजे एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के प्रशासनिक भवन के सामने स्थित सीआईएसएफ चेक पोस्ट के सामने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे रहें। उल्लेखनीय हैं कि एनएमडीसी कर्मचारियों के लंबित वेतन समझौता, ठेका श्रमिको के लंबित वेतन समझौते, एनएमडीसी की सभी इकाइयों में मैन पवार की कमी के साथ साथ अन्य कई मुद्दों को लेकर एनएमडीसी किरंदुल परियोजना में संचालित मजदूर संगठन एस के एम एस और मेटल माइन वर्कर्स यूनियन इंटक के संयुक्त तत्वाधान में किरंदुल परियोजना के नियमित और ठेका श्रमिक अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ हुए हैं। मौके पर एसकेएमएस सचिव राजेश संधू, रोशन मिश्रा, इंटक अध्यक्ष विनोद कश्यप, सचिव ए के सिंह एवं यूनियन के सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे।

## बर्थडे सेलिब्रेट करने गई 12वीं की छात्रा का मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

बर्थडे सेलिब्रेट करने की बात कहकर निकली छात्रा का शव ऐश्वर्या अंपायर सोसाइटी में मिलने से वहां हड़कंप मच गया। छात्रा ने 11वीं मंजिल से छलांग लगा दी या फिर हादसा है इसकी जांच खम्हारडीह पुलिस कर रही है। छात्रा की पहचान अहाना जैन के रुप में हुई जो तक्षशिला लाइब्रेरी में पढ़ाई करती थी, जो कक्षा 12वीं की छात्रा थी। मिली जानकारी के मुताबिक डीडी नगर इलाके में रहने वाली अहाना जैन शनिवार दोपहर ढाई बजे घर से यह कहकर निकली थी कि सहेली की बर्थडे पार्टी में जा रही है। वह करीब 2 घंटे सहेली के साथ रही, फिर वहां से चली गई। बर्थडे मनाने के बाद जब छात्रा देर तक घर नहीं लौटी तो कारोबारी पिता मनोज जैन ने डीडीनगर थाने में छात्रा की गुमशुदगी की शिकायत भी दर्ज कराई थी।इसी बीच करीब रात सवा 8 बजे पुलिस को सूचना मिली कि ऐश्वर्या अंपायर सोसाइटी की बिल्डिंग के नीचे एक लड़की खून से सनी पड़ी हुई है। आसपास के लोगों ने उठाकर तुरंत अंबेडकर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। तेलीबांधा टीआई नरेंद्र मिश्रा ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। बिल्डिंग के 11वें माले की छत की बाउंड्रीवॉल से कई समान मिले हैं। इसमें इयरफोन, आईफोन, चश्मा और एक जोड़ी चप्पल मिली है। पुलिस को आशंका है कि यह सभी सामान उसी लड़की के हैं। मृतिका के पास से एक पर्ची भी मिली है, जो लाइब्रेरी के फीस पेमेंट की है। साथ ही ऐश्वर्या अंपायर सोसाइटी से छात्रा की स्कूटी भी मिली है, जिसमें गिफ्ट रखा हुआ मिला है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। छात्रा सोसाइटी में किससे मिलने आई थी, वह कौन सी मंजिल पर गई थी। पर जांच की जा रही है।

### युवकों ने मनाया बीच सड़क में बर्थ डे, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायपुर।** 28 फरवरी की ही रात आमानाका के उदया सोसायटी सेक्टर-2 में कुछ युवकों ने बीच रोड पर कार खड़ी कर बोनेट पर केक काटकर बर्थ डे मनाने वाले करणवीर सिंह, हरमन सिंह, संसार झा और उनके अन्य साथियों के खिलाफ आमानाका पुलिस ने धारा 126-2,3-5 के तहत मामला दर्ज करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है, बाकी फरार युवकों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने वीडियों वायरल होने के बाद स्वयं संज्ञान लिया जिसमें ये लड़कें हो-हल्ला करते हुए सड़क पर जमकर आतिशबाजी कर रहे थे। जिससे वहां से गुजरने वाले आसपास के निवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। आमानाका थाना प्रभारी सुनील दास के मुताबिक, करणवीर सिंह नाम के व्यक्ति को मुख्य आरोपी बनाया है। वायरल वीडियो में करणवीर का ही जन्मदिन मनाते दिख रहे हैं। इसके अलावा पुलिस ने हरमन सिंह, संस्कार झा, विधिक करकसे और विजय जेठानी के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। फिलहाल मामले में दो आरोपियों को हिरासत में लिया है जबकि अन्य की तलाश जारी है।






# आयुष्मान योजना के लंबित भुगतान दो महीने के भीतर होंगे जारी : स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के साथ हॉस्पिटल बोर्ड और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की बैठक में आयुष्मान भारत योजना से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा हुई। मंत्री ने आश्वासन दिया कि दो महीने के भीतर लंबित भुगतान जारी किए जाएंगे। पैकेज रिवीजन पर जल्द ही काम किया जाएगा। आईएमए के प्रतिनिधियों के साथ एक समिति गठित की जाएगी जो इस रिवीजन पर काम करेगी। मंत्री ने डी-इम्पैनल्ड अस्पतालों के मामले में सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाने का आश्वासन दिया है और उन्हें राहत देने का प्रयास किया जाएगा। हालांकि मंत्री ने आयुष्मान भारत योजना में भ्रष्टाचार के बारे में भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कई मुद्दों पर प्रकाश डाला, जिनमें अनावश्यक पैकेज ब्लॉकेजः अस्पतालों द्वारा मरीजों के लिए अनावश्यक पैकेज ब्लॉक करना। स्वस्थ व्यक्तियों को गांवों से वाहन द्वारा ला कर भर्ती करना। एक ही मरीज के इलाज के लिए एक ही परिवार के कई सदस्यों के लिए दावे करना। इन अनियमितताओं को गंभीरता से लिया जा रहा है। आईएमए के प्रतिनिधियों ने मंत्री को आश्वासन दिया है कि वे इस के लिए कार्ययोजना बना कर इसे ठीक करेंगे। आईएमए के प्रतिनिधियों मैं डॉ विमल चोपड़ा, डॉ कुलदीप सोलंकी अध्यक्ष, डॉ संजीव श्रीवास्तव, सचिव आईएमए रायपुर, डॉ अखिलेश दूबे चेयरमैन हॉस्पिटल बोर्ड एवं डॉ. गंभीर सिंह सचिव हॉस्पिटल बोर्ड रायपुर शामिल थे।

# धमतरी, महासमुंद समेत प्रदेश के 8 जिले राष्ट्रीय बागवानी मिशन में शामिल

## सांसद रूपकुमारी चौधरी के प्रयासों से किसानों को मिलेगा बड़ा लाभ

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी के अथक मेहनत और दूरदर्शी सोच के चलते महासमुंद और धमतरी जिलों को राष्ट्रीय बागवानी मिशन एनएचएम के अंतर्गत सम्मिलित किया गया है। सांसद चौधरी ने लगातार केंद्र सरकार से संवाद कर, क्षेत्र के किसानों की जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए इस महत्वपूर्ण योजना को मंजूरी दिलाई। उनके प्रभावी नेतृत्व और किसान हितैषी दृष्टिकोण का ही परिणाम है कि महासमुंद और धमतरी के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के 6 अन्य जिलों को भी इस मिशन में शामिल किया गया है। इस ऐतिहासिक निर्णय से इन जिलों के किसानों को बागवानी क्षेत्र में तकनीकी सहायता, आर्थिक अनुदान और आधुनिक सुविधाओं का सीधा लाभ मिलेगा। क्षेत्र के किसानों और कृषि विशेषज्ञों ने इसे कृषि क्षेत्र के लिए एक क्रांतिकारी कदम बताया है और सांसद रूपकुमारी चौधरी के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया है। राष्ट्रीय बागवानी मिशन से किसानों को उन्नत बागवानी तकनीकों का प्रशिक्षण, आर्थिक अनुदान एवं सब्सिडी, कृषि यंत्रीकरण का लाभ, भंडारण और विपणन सुविधाएं, औद्योगिक खेती को बढ़ावा, रोजगार के नए अवसर, क्षेत्र के किसानों, जनप्रतिनिधियों और कृषि विशेषज्ञों ने सांसद रूपकुमारी चौधरी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह उनके समर्पित नेतृत्व और विकासशील सोच का परिणाम है। किसानों का कहना है कि सांसद लगातार कृषि और किसान कल्याण के लिए नीतिगत फैसलों को लागू कराने में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। किसानों ने उम्मीद जताई कि इस योजना से न केवल बागवानी क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि इससे स्थानीय किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। सांसद चौधरी ने भी विश्वास दिलाया कि वे आगे भी किसानों के हित में नई योजनाओं को लागू कराने और कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए सतत प्रयासरत रहेंगी। महासमुंद और धमतरी सहित अन्य जिलों के किसानों ने सांसद रूपकुमारी चौधरी के प्रति विशेष आभार जताते हुए कहा कि यह निर्णय कृषि क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इससे बागवानी को नई तकनीकों और सरकारी सहयोग से जोड़ा जाएगा, जिससे क्षेत्र के किसान आत्मनिर्भर बन सकेंगे और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक अपनी पहुंच बना पाएंगे। यह निर्णय छत्तीसगढ़ के कृषि क्षेत्र में एक नई क्रांति लाने वाला साबित होगा और आने वाले वर्षों में बागवानी किसानों की आय में कई गुना वृद्धि करेगा।

# महापौर ने किया वादा पूरा, स्वच्छता दीदियों को मिली राहत

## स्वच्छता दीदियों के साप्ताहिक अवकाश और मानदेय में 800 रू. की बढ़ोतरी



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर रामू रोहरा ने शपथ ग्रहण के तुरंत बाद अपने पहले फैसले से जनता और सफाई कर्मियों का दिल जीत लिया। शनिवार को निगम कार्यालय में विधि.विधान से पूजा करने के पश्चात महापौर ने अपना पहला कार्य स्वच्छता दीदियों के हक में किया। लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए उन्होंने स्वच्छता दीदियों को साप्ताहिक एक दिन का अवकाश देने और उनके मानदेय में 800 रूपये की बढ़ोतरी को अनुमोदित कर लागू करवाया। महापौर के इस फैसले से नगर निगम की सैकड़ों स्वच्छता दीदियों में खुशी की लहर दौड़ गई। उन्होंने इस पहल के लिए रामू रोहरा का आभार व्यक्त किया और इसे ऐतिहासिक कदम बताया। सफाई कर्मियों ने कहा कि यह बढ़ोतरी उनके आर्थिक हालात सुधारने में मदद करेगी और साप्ताहिक अवकाश से वे अपने परिवार को अधिक समय दे पाएंगी और अधिक ऊर्जा से काम कर पाएंगी।

### लंबे समय से थी यह मांग

स्वच्छता दीदियां वर्षों से यह मांग कर रही थीं कि उन्हें सप्ताह में एक दिन का अवकाश मिले ताकि वे भी आराम कर सकें और अपने पारिवारिक दायित्वों को पूरा कर सकें। इसके अलावा, वेतन वृद्धि की मांग भी लंबे समय से की जा रही थी। महापौर रामू रोहरा ने अपने चुनावी प्रचार के दौरान इस मुद्दे को गंभीरता से लिया था और शपथ ग्रहण के बाद तुरंत इसे लागू कर दिखाया कि वे जनता और कर्मचारियों से किए गए वादों को निभाने में विश्वास रखते हैं।

### महापौर रामू रोहरा का बयान

महापौर ने कहा स्वच्छता दीदियां हमारे शहर की सफाई और स्वच्छता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उनके सम्मान और अधिकारों की रक्षा करना मेरी प्राथमिकता है। यह सिर्फ शुरुआत है, आने वाले समय में और भी सुधार किए जाएंगे ताकि निगम के सफाई कर्मियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

### स्वच्छता दीदियों ने जताया आभार

महापौर के इस फैसले के बाद निगम कार्यालय में स्वच्छता दीदियों ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने महापौर का आभार जताते हुए कहा कि यह फैसला उनकी मेहनत को पहचान देने जैसा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में भी उनके कल्याण के लिए और ठोस कदम उठाए जाएंगे। रामू रोहरा का यह फैसला न केवल एक मजबूत प्रशासनिक पहल हैए बल्कि उनके नेतृत्व की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। इस निर्णय से नगर निगम के सफाई कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा और शहर की सफाई व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

# गायत्रीपुर में हुआ संकुल स्तरीय रंगारंग वार्षिकोत्सव कार्यक्रम






पायनियर संवाददाता भंवरपुर
www.dailypioneer.com

संकुल केन्द्र जमदरहा के अन्तर्गत शासकीय प्राथमिक शाला गायत्रीपुर में संकुल स्तरीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम रंगारंग सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि नोनी बाई चौहान सरपंच ग्राम पंचायत बी बनडबरी, अध्यक्षता मीना सत्यानंद बरिहा विशिष्ट अतिथि काजल मनोज भोई सरपंच पुरुषोत्तमपुर, प्रितम चतुर्वेदी सरपंच जमदरहा,धनेश्वरी परमेश्वर साहू सरपंच कुरमाडीह, केकती हरीशचंद्र पटेल सरपंच लोहडीपुर, बाबूलाल दीवान सरपंच खोकसा, आनंद चौहान, दीक्षित चंद्राकर, अंगद चौहान, दुर्योधन पटेल, पदुम लाल पटेल,उत्तर कुमार चौधरी प्राचार्य, डिजेन्द्र कुर्रे समन्वयक जमदरहा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सर्वप्रथम पुजा अर्चना के पश्चात् सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। फिर प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल जमदरहा के बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। अंत में सभी बच्चों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु शिक्षक जगदीश मांझी एवं रमेश सिदार को उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही साथ सभी प्रधानपाठक गंगाधर प्रसाद द्विवेदी, शिमला चौहान, सुखीराम बसंत, प्रदीप साव, डोसराम बसंत, सतकुमारी चतुर्वेदी, ब्रजकिशोर पारेश्वर, तेजस्विनी बरिहा, रुपलता कुर्रे, विजय चतुर्वेदी, शंकर सिदार, प्रहलाद साहू, बसंत साहू, बुधेश्वर साहू, देवलाल दीवान, जितेन्द्र नायक, डोलामणि पटेल एवं शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन गणपत देवदास, शंकर सिदार के द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन विजय चतुर्वेदी शिक्षक द्वारा किया गया।

# महादेव के भजनों में देर रात तक झूमे साल्हेवारपारा वार्डवासी

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



धमतरी गाड़ा समाज साल्हेवार पारा एवं सनातन सेना धमतरी के द्वारा साल्हेवारपारा सुगम तालाब के पास ओंकारेश्वर महादेव के मंदिर का स्थापना महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर किया गया। स्थापना के आयोजन के दौरान तीसरे दिवस भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें श्री श्याम संकीर्तन मंडली की मनमोहक प्रस्तुति हुई। भजन संध्या में मुख्य रूप से सनातन सेना धमतरी प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर, अभिषेक शर्मा, गोपाल साहू, लक्ष्मीनारायण स्वर्णकार, जतिन देवांगन, आशीष शर्मा उपस्थित हुए। दीपक सिंह ठाकुर ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि इस वार्ड से मेरा पुराना रिश्ता रहा है। मेरे पिता जी जालमपुर स्कूल में काफी समय तक शिक्षक रहे है। यहां निवासरत बहुत से लोग होंगे जो उनके द्वारा पढ़े होंगे। उन्होंने कहा कि बहुत ही हर्ष का विषय है कि आज गाड़ा समाज के द्वारा और इस वार्ड के सनातनी भाइयों के द्वारा अथक प्रयास से महादेव के इस भव्य मंदिर का स्थापना हुआ है। निचले तबके के सीमित साधन संसाधन के अपना जीवन यापन करने वाले लोगों के द्वारा यह पुनीत कार्य किया जा रहा है । सिंह ने श्री श्याम संकीर्तन परिवार की प्रशंसा करते हुए कहा कि श्याम संकीर्तन परिवार द्वारा लगातार निःस्वार्थ भाव से भजन संध्या अलग अलग स्थानों में किया जाना है। इनके माध्यम से इस पुनीत कार्य से लोगों को प्रभु की भक्ति से जोड़ने का कार्य किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि आज हमारे सनातन सेना से इस वार्ड की महिलाएं भी जुड़ी है और सभी वार्डोवासियों ने संकल्प लिया है कि इस तरह से धर्म के आयोजन और धर्म की रक्षा के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे। रोहित जगत गाड़ा समाज युवा अध्यक्ष, टेभा राम नागेश पूर्व अध्यक्ष गाड़ा समाज, संतोष जगत अध्यक्ष गाड़ा समाज, संतराम बघेल उप अध्यक्ष, चरण सिंह जगत सचिव, संदीप नागेश कोषाध्यक्ष, सुनील जगत उप सचिव, राजेश नागेश उप कोषाध्यक्ष, मुकेश नागेश समाज कार्यकर्ता, कन्हैया नागेश कार्यकर्ता, गणेश प्रधान कार्यकर्ता, प्यारे प्रधान कार्यकर्ता, रोहित जगत गाड़ा समाज युवा अध्यक्ष, संजय नेताम, शिव नेताम, संकर नागेश, जादू नागेश कार्यकर्ता उपस्थित थे और उन्होंने कहा कि उनके द्वारा लगातार जनजागरण का कार्य चलता रहेगा। दीपक सिंह ठाकुर ने माताओं और बहनों से कहा कि आप सभी हमारे घर की बुनियाद है। आपसे परिवार का सामर्थ्य और शक्ति है। आप सभी के सफल प्रयास से हम सभी धर्मांतरण को रोकने में सफल हो पा रहे हैं, गौ वंश संरक्षण में सफल हो रहे हैं। प्रत्येक मोहल्ले से नशामुक्ति जैसे कार्यों में जो योगदान मातृशक्ति महिला कमांडो बनकर जो करते हैं उससे काफी हद तक समाज का संरक्षण होता है।

# स्कूलों का किया गया औचक निरीक्षण गुणवत्ता सुधार हेतु दिए निर्देश







पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

सरायपाली बीआरसीसी सतीश स्वरूप पटेल के द्वारा विकासखंड के शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला जंगलबेड़ा, प्राथमिक शाला राजाडीह, प्राथमिक शाला गोहरापाली, प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला तोरेसिंहा का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान सभी स्कूलों को विद्यार्थी विकास सूचकांक कक्षावार प्रदर्शित कर जो बच्चे दक्षता में कमजोर स्तर पर हैं उन पर विशेष फोकस करते हुए तथा अतिरिक्त कक्ष लगाकर पूर्ण दक्ष बनाने पर जोर दिया अनुदान मद मैं प्राप्त राशि का नियमानुसार उपयोग करने हेतु प्राथमिकता तय करते हुए राशि को शाला विकास में खर्च करने की हिदायत दी। सभी प्राथमिक शालाओं में जादुई पिटारा का निर्माण कर उसका शिक्षण में समुचित उपयोग हेतु टिप्स दिए निर्माण कार्य गुणवत्ता युक्त हो, सेतु प्रधान पाठकों को विशेष ध्यान देने की सलाह दी। प्राथमिक शाला राजाडीह के बच्चों के गुणवत्ता की जांच की गई जिसमें बच्चों की उपलब्धि स्तर को देखकर बहुत खुश नजर आए। कक्षा दूसरी से ऊपर के सभी बच्चे पुस्तक आसानी से पढ़ पा रहे थे एवं गणितीय सवालों का आसानी से जवाब दे रहे थे। साथ ही साथ सामान्य ज्ञान के प्रश्नों को भी बहुत अच्छे से बताया जिस पर वहां के प्रधान पाठक मनोरंजन प्रधान की तारीफकरते हुए उन्होंने कहां की शिक्षक चाहे तो स्कूल को इसी तरह बेहतर बनाते हुए बच्चों के शैक्षणिक स्तर को बेहतर बना सकते हैं। निरीक्षण के समय संकुल समन्वयक रविशंकर आचार्य कौशल प्रधान एवं चंद्रहास पात्र साथ में उपस्थित रहे।

# तेज आवाज के साथ सड़कों पर दौड़ाने वाले बाईक चालकों की अब खैर नहीं



पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

दुपहिया वाहनों को मॉडिफाइड करके तेज आवाज के साथ सड़कों पर दौड़ाने वाले वाहन चालकों की अब खैर नहीं है। इस प्रकार के वाहनों पर पुलिस द्वारा कार्यवाही शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी अमित शुक्ला के द्वारा एक बुलेट वाहन पर कार्यवाही करते हुए 3300 का चालान काटा गया है। वहीं थाना प्रभारी शुक्ला ने समस्त शहर वासियों व क्षेत्र वासियों से भी अपील की है कि वे सड़कों पर इस तरह से किसी भी वाहनों को ना चलाएं, जिससे आम जनों को किसी प्रकार की परेशानी हो। विशेष रूप से वहां के साइलेंसर को मोडिफाइड कर तेज आवाज के साथ बाइक चालकों को उन्होंने विशेष चेतावनी देते हुए इस प्रकार के वाहन पाए जाने पर सख्त कार्यवाही करने की बात कही है।



# महावीर इंटरनेशनल ने जिला अस्पताल में बेबी किट का किया वितरण

**धमतरी।** महावीर इंटरनेशनल शाखा धमतरी द्वारा धमतरी जिला अस्पताल में नवजात शिशु को 60 बेबी किट एवं बिस्किट वितरण किया गया। साथ ही संस्था के सदस्यों एवं हॉस्पिटल स्टाफ को केंद्र से प्राप्त जीवन रक्षक दवाई किट का वितरण किया गया। नवजात शिशु को संक्रमण से बचाने महावीर इंटरनेशनल द्वारा प्रति माह बेबी किट का नियमित रूप से वितरण किया जाता है। कार्यक्रम के सहयोगदाता बेबी शिवांशी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में कन्हैया लाल, जंयती लाल नरेश कुमार लुंकड़ परिवार थे। संस्था उनको बहुत बहुत अनुमोदना करते हुए साधुवाद करती है। कार्यक्रम को सफल बनाने मे शाखा अध्यक्ष वीर ज्ञानचंद लुनावत, वीर निलेश लुंकड़, वीर दिलीप बड़जात्या, वीर धीरेन्द्र नाहर, वीरा अध्यक्ष वीरा सूर्या लुंकड़, वीरा नीलू लुनावत, वीरा दीपा लोढ़ा एवं अस्पताल स्टाफ अनुराधा मेश्राम का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ।



# नव निर्वाचित अध्यक्ष ज्योति भानु ने शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होने विधायक अजय चंद्राकर को किया आमंत्रित

**धमतरी ।** कुरूद नगर पंचायत के नव निर्वाचित अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर अपने सभी भाजपा पार्षदों के साथ शपथ ग्रहण समारोह के लिए अजय चन्द्राकर विधायक कुरूद के मुख्य आतिथ्य मे आयोजन हेतु रायपुर आवास मे आमंत्रित करने सम्मिलित हुए। पार्षदगणों में महेन्द्र गायकवाड़, मिथलेश बैस, सितेश सिन्हा, रवि मानिकपुरी, कविता चन्द्राकर, राजकुमारी ध्रुव आदि शामिल हुए।

# तत्कालीन कलेक्टर एल्मा ने आदिवासियों के जमीन बिक्री, शासन के नियमों की जमकर उड़ाई धज्जियां

## डीएमएफ, सीएसआर फंड के दुरूपयोग की वर्तमान में चल रही जांच

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का न खाऊंगा, न खाने दूंगा.. इसका पूर्ववर्ती सरकार ने जमकर दुरूपयोग किया है जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण विभिन्न घोटालों से दिया जा सकता है जिसके आरोपी अधिकारी आज जेल के सलाखों के भीतर हैं। इस पूर्ववर्ती सरकार के द्वारा किये गये भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा नेताओं ने आक्रामक हमला किया और प्रदेशवासियों के समक्ष इनके भ्रष्टाचार को उजागर किया जिसके चलते जनता ने भ्रष्टाचार में आकंठ तक डूबे पूर्व सरकार पर विश्वास न करते हुए भाजपा की सरकार पुनः स्थापित की जिसके मुखिया विष्णुदेव साय के द्वारा प्रधानमंत्री के उक्त कथन को सख्ती से पालन करते हुए जीरो टॉलरेंस, भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश, सुशासन का दौर चलाया जा रहा है किंतु बड़े दुर्भाग्य के साथ यह बताना पड़ रहा है कि धमतरी जिले में पूर्ववर्ती सरकार के समय तत्कालीन कलेक्टर पी एस एल्मा ने आदिवासियों के जमीन बिक्री संबंधी आदेश में शासन के नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाते हुए अपने रिश्तेदार एवं मुंहलगे भूमाफियाओं को जमकर लाभ पहुंचाया है। साथ ही साथ डीएमएफ, सीएसआर फंड का दुरूपयोग किया जिसकी जांच वर्तमान में लंबित है।



पूर्ववर्ती सरकार के समय पदस्थ रहे तत्कालीन कलेक्टर श्री एल्मा ने अपने कार्यकाल के दौरान आदिवासियों की भूमि, सामान्य वर्ग को विक्रय करने के प्रकरण में न सिर्फ बोर्ड के आदेश को दरकिनार किया जिस नियम में स्पष्ट नियम उल्लेख है कि आदिवासियों की जमीन को गैर आदिवासियों को बिक्री करने का आदेश देने से पहले यह देखना अनिवार्य है कि उनके जीविकोपार्जन के लिये उनके पास सिंचित पांच एकड़ एवं असिंचित 10 एकड़ भूमि अनिवार्य रूप से बचत या शेष रहना चाहिये। लेकिन रेवेन्यू बोर्ड के इस आदेश को भी तत्कालीन कलेक्टर ने धत्ता बताते हुए सभी नियम कानून को दरकिनार कर मनमाने ढंग से आदिवासियों की जमीन को गैर आदिवासियों को विक्रय करने का आदेश जारी कर दिया गया है। अगर इसकी निष्पक्ष जांच होती है तो भ्रष्टाचार का एक और बहुत बड़ा मामला सामने आने की संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता। उक्त अधिकारी ने राजस्व बोर्ड के आदेशों के साथ साथ शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों की पूरी तरह अनदेखी की है। यही नहीं इनके कार्यकाल में एक अनोखा कारनामा यह भी हुआ है कि अंतिम आदेश में कलेक्टर का हस्ताक्षर ही नहीं है और जमीन बिक्री का आदेश हो गया। उक्त अधिकारी के कारनामे यहीं पर नहीं रूकते। इन्होंने एक आदिवासी जमीन का आदेश जो दिया है, उसमें क्रेता का नाम ही नहीं है। क्रेता के नाम के स्थान पर गांव का नाम लिखा हुआ है। उक्त अधिकारी के कार्यकाल में अनेकों को आदिवासी भूमि विक्रय करने की अनुमति धड़ल्ले से जारी की गई है जो संभवतः दूसरे जिले में नहीं की गई है किंतु सत्तापक्ष से जुड़े उक्त अधिकारी के द्वारा आदिवासी जमीन को सामान्य वर्ग के पास बिक्री करने की धड़ाधड़ अनुमति दे दी गई है। खबर तो यह भी है कि उक्त अधिकारी ने एक बिल्डर को, आदिवासी व्यक्ति के भूमि को खरीदी-बिक्री के नाम पर अपने रिश्तेदार के नाम से उक्त स्थल पर दो आलीशान भवन आबंटित करवा लिया। जिले में पदस्थ रहे तत्कालीन कलेक्टर के द्वारा किये गये भ्रष्टाचार के मामले को लेकर अनेक शिकायतें पूर्ववर्ती सरकार के समय छग शासन को भेजी गई थी। इनके ऊपर डीएमएफ, सीएसआर फंड के दुरूपयोग का भी गंभीर आरोप लगा है। इनके द्वारा अपने रिश्तेदार को काम दिलाकर भ्रष्टाचार करने के उद्देश्य से स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के निर्माण में उक्त क्षेत्र के पंचायत को काम दिया गया। इसके साथ ही इस अधिकारी ने नगर पंचायत नगरी एवं अन्य शासकीय एजेंसियों के रहते हुए चार ग्राम पंचायतों को लगभग 9 करोड़ रूपये का कार्य बिना निविदा निकाले आबंटित कर दिया। इस मामले में निचले क्रम के अधिकारियों ने कलेक्टर के आदेश पर होने वाले निर्माण कार्य से अपना हाथ अलग कर लिया था। चूंकि उस समय एल्मा कलेक्टर थे, इसलिये मजबूरी से इन अधिकारियों ने इसका विरोध भी नहीं किया। लेकिन उनके स्थानांतरण के बाद ऐसे लोगों ने बताया कि स्वामी आत्मानंद स्कूल भवन निर्माण में डीएमएफ, सीएसआर फंड का खुलकर दुरूपयोग किया है। गैर तकनीकि व्यक्तियों के द्वारा निर्माण कार्य किये जाने के फलस्वरूप उक्त बिल्डिंग में अब दरारें उभरकर सामने आने लगी हैं। इस तरह शासन का 9 करोड़ रूपया व्यर्थ में खर्च किये जाने का प्रमाण मिलता है। लबताया जाता है कि स्वामी आत्मानंद स्कूल भवन निर्माण सहित जिला चिकित्सालय धमतरी के डिस्मेंटल, रंग रोगन कार्य का संदेहास्पद आदेश देने के मामले में भी इन पर उंगलियां उठ रही हैं। डीएमएफ, सीएसआर फंड के दुरूपयोग की शिकायत पीएमओ तक भेजी गई जिसकी जांच चीफ सेक्रेटरी के पास भेजी गई। लेकिन अपने आईएएस अधिकारी को बचाने इसकी अब तक जांच नहीं की है और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में चल रही प्रदेश की विष्णुदेव सरकार के लिये यह एक चुनौति से कम नहीं। एक ओर आदिवासियों के हितों की बात की जाती है और दूसरी ओर उन्हीं आदिवासी भाईयों की भूमि को एक अधिकारी द्वारा बेचने की अनुमति दिये जाने को लेकर तरह तरह की चर्चाएं जिले में व्याप्त हैं। जिलेवासियों ने छग के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से इस मामले में जांच कर दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है। अब देखना है कि सुशासन के दौर में भ्रष्टाचार का यह मामला जो मुख्य सचिव कार्यालय में लंबित है, उसमें सीएम साय क्या निर्देश देते हैं।



# मुश्किल में फंसी तृप्ति डिमरी की 'धड़क 2

पिछले साल सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी की फिल्म 'धड़क 2' की घोषणा की गई थी। फिल्म नवंबर 2024 में रिलीज होने वाली थी। हालांकि, बाद में इसे साल 2025 तक के लिए टाल दिया गया। इस बीच चर्चा थी कि यह फिल्म इस साल होली के त्यौहार के आस-पास रिलीज हो सकती है। होली तो नजदीक आ रही है, लेकिन फिल्म का प्रमोशन अभी तक शुरू नहीं हुआ है। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के मुताबिक 'धड़क 2' को सीबीएफसी से प्रमाणन प्राप्त करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। आइए जानते हैं विस्तार सेज किस समस्या का करना पड़ रहा सामना? बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार पोर्टल को एक सूत्र ने बताया, धड़क 2 जाति के मुद्दों पर आधारित है और एक चौंकाने वाली कहानी है। सीबीएफसी की जांच समिति ने इस तरह की फिल्म के लिए निर्माताओं की सराहना की, लेकिन इसके कंटेंट की वजह से वह इस बात पर विचार कर रहे हैं कि फिल्म को क्या रेटिंग दी जानी चाहिए और कौन से सीन काटे जाने चाहिए, यदि कोई ऐसा सीन हो।

## सेंसर की मंजूरी के बाद शुरू होगा प्रमोशन?

रिपोर्ट्स के मुताबिक एक ट्रेड एक्सपर्ट ने पोर्टल को बताया कि 'धड़क 2' के निर्माता सेंसर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही फिल्म का प्रमोशन शुरू करेंगे। इसलिए, अगर उन्हें सीबीएफसी से मंजूरी मिल जाती है, तो 'धड़क 2' 14 मार्च को रिलीज हो सकती है या इसके डेट को आगे बढ़ाया जा सकता है।

## तमिल वर्जन पास तो 'धड़क 2' पर क्यों सवाल?

कहा जा रहा है कि 'धड़क 2' तमिल फिल्म 'परीयेरुम पेरुमल' का रीमेक है और इस फिल्म को सीबीएफसी के साथ किसी भी मुश्किल का सामना नहीं करना पड़ा था। ऐसे में यह सवाल भी उठता है कि इसकी कहानी भी वही होगी तो फिर इस फिल्म पर सवाल क्यों उठ रहे हैं? साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'धड़क' भी इसी विषय पर आधारित थी। जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर की फिल्म मराठी फिल्म सैराट की रीमेक थी। फिल्म का मोशन पोस्टर जब रिलीज हुआ था, तो उस पर लिखा था, एक था राजा, एक थी रानी। जात अलग थी खतम कहानी। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म जातीय मुद्दों पर आधारित होगी।



# निजी जिंदगी पर ट्रोल करने वालों को सबा ने दिया करारा जवाब

बॉलीवुड की अभिनेत्री सबा आजाद अकसर ऋतिक रोशन की गर्लफ्रेंड होने को लेकर सोशल मीडिया पर ट्रोल होती हैं। हाल ही में उन्होंने स्क्रीन को दिए इंटरव्यू में खुलासा किया है कि वह सोशल मीडिया पर असहज होती हैं। जब भी उन्हें सोशल मीडिया पर कोई ट्रोल करता है, तो वह इससे प्राभवित होती हैं।

## सोशल मीडिया से नहीं रह सकते दूर

सबा आजाद ने कहा कि सोशल मीडिया थोड़ा अजीब है। उन्होंने कहा कि मैं लगातार तीन दिन तक पोस्ट करती हूं और फिर एक महीने के लिए गायब हो जाती हूं। यह कलाकारों के लिए एक तरह का पोर्टफोलियो बन गया है। इससे ऐसे रिश्ता है कि इसके साथ नहीं रह सकते न ही इसके बिना रह सकते हैं। जैसे-जैसे लोगों में असंतोष बढ़ता है, वैसे-वैसे ऑनलाइन इस तरह का व्यवहार भी बढ़ता है।

## चमड़ी मोटी हो गई है

सबा ने आगे कहा कि अगर आप खुश इंसान हैं तो आप एक फेक अकाउंट बनाकर किसी को ट्रोल नहीं करेंगे। हम उस इंसान की फिक्र क्यों करें जो बिना नाम, बिना चेहरे का है और अपनी जिंदगी से निराश है। सबा ने आगे कहा कि उन्हें इतना ट्रोल किया गया है कि अब उनकी चमड़ी मोटी हो गई है। सबा ने बताया कि नाराज होने के बजाए दूसरा रास्ता यह है कि इसे देखा जाए। मैं दुखी हूं कि ट्रोलर्स को ये सब करना पड़ा रहा है। सबा ने आगे कहा शुरूआत में मैंने सोचा कि अगर मैं अपने काम पर ध्यान दे रही हूं, तो आपको क्या दिक्कत है? लेकिन फिर, जब मैंने इस पर विचार किया, तो मुझे एहसास हुआ कि यह सिर्फ दुखद है, और इसके लिए अपनी नींद खराब करना जरूरी नहीं है। लेकिन अब मेरी चमड़ी मोटी हो गई है। मैंने भले ही लंबे वक्त तक दूसरा गाल आगे कर रखा हो, लेकिन कभी-कभी मुझे लगता है कि मुझमें अभी भी जवाब देने की ताकत है। अब आप मुझसे ये उम्मीद नहीं कर सकते कि मैं खामोश रहूं। मुझे परवाह नहीं कि अब लोग मुझे क्या कहेंगे। हाल ही में जब हू इज योर गाइनैक के दूसरे सीजन का शो रिलीज किया गया तब किसी ने कहा कि वह ऋतिक की गर्लफ्रेंड हैं इसलिए उन्हें काम करने की जरूरत नहीं है। इस पर सबा ने ट्रोलर को जवाब दिया था।

## रिश्ते के बारे में

सबा और ऋतिक रोशन ने साल 2022 में एक दूसरे को डेटिंग करना शुरू किया। दोनों ने अपने रिश्ते का ऐलान अक्टूबर 2022 में किया। तब ऋतिक ने सबा के साथ तस्वीर शेयर की थी। तभी से सबा को ऋतिक की गर्लफ्रेंड होने के लिए ट्रोल किया जा रहा है। हाल ही में सबा आजाद को क्राइम बीट में देखा गया। इस फिल्म में सबा के अलावा सुधीर मिश्रा और संजीव कौल हैं। इसमें साकिब सलीम, राहुल भट्ट के अलावा दानिश हुसैन हैं। यह फिल्म सोमनाथ बताब्याल की नॉवेल द प्राइस यू पे पर आधारित है। इसमें खोजी पत्रकारिता और रिपोर्टिंग के बारे में दिखाया गया है।



# क्या शाहरुख खान की 'पठान' का बनेगा प्रीक्वल? जॉन अब्राहम ने कहानी को लेकर हिंट दिया

इन दिनों जॉन अब्राहम अपनी फिल्म 'डिप्लौमेट' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में जॉन ने असल डिप्लौमेट रहे जेपी सिंह का रोल किया है। फिल्म की कहानी पाकिस्तानी में फंसी, भारत की एक बेटी को सुरक्षित घर वापस लाने की है। इस फिल्म को लेकर तो जॉन खुश हैं। साथ ही वह चाहते हैं कि प्रोड्यूसर आदित्य चोपड़ा फिल्म 'पठान' का प्रीक्वल भी बनाएं।

## बनना चाहिए 'पठान' का प्रीक्वल

हॉलीवुड रिपोर्टर को दिए गए एक इंटरव्यू में एक्टर जॉन अब्राहम कहते हैं, 'मैं किसी फ्रैंचाइजी फिल्म का हिस्सा तभी बनता हूं, जब उसमें मेरा किरदार खास होता है। जैसे फिल्म 'पठान' में जिम का मेरा रोल बहुत ही कूल, स्पेशल था।' आगे वह कहते हैं, 'आदित्य चोपड़ा को पठान का प्रीक्वल बनाना ही चाहिए। इसमें मेरे किरदार जिम की बैक स्टोरी क्या है, इसे दिखाया जा सकता है। उम्मीद है कि हम इस फिल्म का प्रीक्वल करेंगे।

## कहानी को लेकर क्या बोले जॉन

फिल्म 'पठानी' की कहानी को लेकर भी जॉन बताते हैं कि उनके किरदार जिम के पास्ट के बारे में दर्शकों को पता होना चाहिए। दरअसल, वह मानते हैं कि जिम के किरदार में दम है, उसकी कहानी अच्छी बन सकती है। साथ ही जब उनसे पूछा गया कि क्या वह यशराज यूनिवर्स की फिल्म 'वॉर' में उनके किरदार जिम के लिए कोई संभावना बन सकती है। तो इस पर भी जॉन का कहना है कि कुछ भी संभव हो सकता है।

## पठान में विलेन बने थे जॉन

शाहरुख खान की फिल्म 'पठान' में जॉन अब्राहम विलेन के रोल में थे, इस किरदार में कई लेयर्स देखी गईं। शाहरुख के किरदार पठान को यह किरदार अच्छी खासी टक्कर देता है। फिल्म में दीपिका पादुकोण भी एक अहम रोल नजर आईं।

## इन फिल्मों में भी आएंगे नजर

जॉन अब्राहम फिल्म 'डिप्लौमेट' के अलावा कुछ और फिल्मों में भी अभिनय कर रहे हैं। इसमें 'तेहरान' और 'तारिक' जैसी फिल्में भी शामिल हैं। इन फिल्मों से जॉन बतौर प्रोड्यूसर भी जुड़े हुए हैं।

# तंडेल की सफलता के बाद डीजे बने नागा चैतन्य

नागा चैतन्य इन दिनों अपनी फिल्म तंडेल की सफलता का जश्न मना रहे हैं। अब नागा चैतन्य की एक प्यारी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। शोभिता धुलिपाला ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने पति की एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वे डीजे बन गए हैं। नागा चैतन्य ने डीजे की भूमिका निभाई और अपने अंदर के संगीतकार को डेक पर उतारा। फोटो में नागा चैतन्य को प्रोफेशनल सेटअप के साथ म्यूजिक मिक्सिंग में व्यस्त दिखे। स्वेटर के साथ कैजुअल कपड़े पहने वह अपने गले में हेडफोन लटकाए डीजे की तरह ध्यान केंद्रित करते हुए दिख रहे थे। शोभिता ने तस्वीर साझा करते हुए चैतन्य को टैग किया और दिल वाले इमोजी भी बनाए।



# करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस ने मार्को निर्देशक के साथ मिलाया हाथ, एक्शन फिल्म पर साथ करेंगे काम

मलयालम सिनेमा के एक्शन स्टार हनीफ अदेनी बॉलीवुड में आने की तैयारी कर रहे हैं और वह इसे अपने स्टाइल में कर रहे हैं। मार्को की भूमिका में धमाल मचाने के बाद फिल्म निर्माता को किसी और ने नहीं, बल्कि करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस ने एक धमाकेदार एक्शन फिल्म के लिए साइन किया है, जो जितनी दमदार है, उतनी ही मजेदार भी है। द ग्रेट फादर (2017) और मिखेल (2019) जैसी फिल्मों से अपनी अलग पहचान बनाने वाले हनीफ अदेनी ने एक बार फिर मार्को के साथ अपनी प्रतिभा साबित की, जो एक क्रूर और अथक एक्शन से भरपूर फिल्म है। अब, वह अपनी सिग्नेचर हाई-इम्पैक्ट स्टोरीटेलिंग को हिंदी सिनेमा में लाने के लिए तैयार हैं। कथित तौर पर आगामी प्रोजेक्ट को बहुभाषी रिलीज के लिए प्लान किया जा रहा है। फिल्म के बारे में विवरण अभी भी गुप्त रखा गया है।

## आधिकारिक एलान का इंतजार

हनीफ अदेनी के जुड़ने से धर्मा प्रोडक्शंस बैनर बड़े पर्दे पर एक्शन की उम्मीद जगा रहा है। दूसरी ओर इसके आधिकारिक एलान का इंतजार है। साथ ही कलाकारों की घोषणा होनी भी बाकी है। हनीफ अदेनी एक फिल्म निर्देशक और पटकथा लेखक हैं, जो मलयालम सिनेमा में काम करते हैं। उन्होंने 2017 की फिल्म द ग्रेट फादर से निर्देशन की दुनिया में कदम रखा था। पटकथा लेखक के रूप में उनका अगला काम अमीर है, जिसमें ममूटी मुख्य भूमिका में हैं। धर्मा प्रोडक्शंस अब कई प्रोजेक्ट्स की रिलीज की तैयारी कर रहा है, जिनमें से एक है- केसरी- चैप्टर 2, जो जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद की घटनाओं पर आधारित है। यह फिल्म अक्षय कुमार, आर. माधवन और अनन्या पांडे स्टारर यह फिल्म राजनेता और वकील सी. शंकरन नायर के इर्द-गिर्द घूमती वास्तविक जीवन की घटनाओं पर आधारित है। इसके साथ ही, धड़क 2 भी है, जो 2018 की तमिल फिल्म परियेरम पेरुमल पर आधारित एक शक्तिशाली लव ड्रामा है, जिसमें तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी मुख्य भूमिका में हैं।





# संजय दत्त ने बताया, कब तांडव मचाएगी 'द भूतनी'

अभिनेता संजय दत्त अपनी अपकमिंग फिल्म 'द भूतनी' की रिलीज को लेकर उत्साहित हैं। अभिनेता ने बुधवार को महाशिवरात्रि के मौके पर सोशल मीडिया पर अपकमिंग एक्शन-हॉरर कॉमेडी के टाइटल के साथ ही रिलीज की तारीख भी बताई। इंस्टाग्राम पर एक्टर का पोस्ट शेयर करते हुए सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट और थ्री डायमेंशन मोशन पिक्चर ने बताया कि उनकी अपकमिंग फिल्म का नाम 'द भूतनी' रखा गया है। यह फिल्म 18 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अभिनेता संजय दत्त ने लिखा, इस गुड फ्राइडे, डर को एक नई डेट मिल गई है। पहले से कहीं ज्यादा हॉरर, एक्शन और कॉमेडी के लिए तैयार हो जाइए! 'द भूतनी' मचाएगी तांडव।

बता दें, पहले अपकमिंग फिल्म का नाम 'द वर्जिन ट्री' था, लेकिन अब इसका नाम बदलकर 'द भूतनी' रख दिया गया है। निर्माताओं ने फिल्म का एक छोटा टीजर भी शेयर किया, जो हमें रहस्यमयी दुनिया की झलक दिखाती है, जहां प्यार, अंधकार में बदल जाता है। सिद्धांत सचदेव के निर्देशन में बनी इस फिल्म में संजय दत्त, मौनी रॉय, पलक तिवारी, सनी सिंह और आसिफ खान जैसे सितारे प्रमुख भूमिकाओं में हैं। सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट और थ्री डायमेंशन मोशन पिक्चर्स के तहत दीपक मुकुट, संजय दत्त, हुनर मुकुट और मान्यता दत्त ने फिल्म का निर्माण किया है। निर्माताओं ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर फिल्म का एक डरावना पोस्टर शेयर किया था, जिसमें घोषणा की थी कि प्रोजेक्ट का टाइटल और रिलीज की तारीख 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर सामने आएगी। पोस्टर को शेयर करते हुए निर्माताओं ने लिखा, महादेव की भक्ति में शक्ति है! बहुत हुआ इंतजार! बाबा तारीख तय कर रहे हैं! वर्कफ्रंट की बात करें तो संजय दत्त के पास बहुप्रतीक्षित सीक्वल 'वेलकम टू द जंगल' भी है। अहमद खान के निर्देशन में बनी इस फिल्म में संजय दत्त के साथ अक्षय कुमार, रवीना टंडन, दिशा पटानी, सुनील शेट्टी, लारा दत्ता, बॉबी देओल, जैकलीन फर्नांडीज, परेश रावल, अरशद वारसी, राजपाल यादव, जॉनी लीवर, श्रेयस तलपड़े और तुषार कपूर जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा, संजय दत्त के पास 'सन ऑफ सरदार 2' भी है, जिसमें वह अजय देवगन और मृणाल ठाकुर के साथ मुख्य भूमिका में हैं। विजय कुमार अरोड़ा के निर्देशन में तैयार इस फिल्म का निर्माण अजय देवगन ने जियो स्टूडियो के सहयोग से देवगन फिल्म्स के बैनर तले किया है।




# निर्देशक अरुण माथेश्वरन की फिल्म में दिखेंगे अक्षय

अक्षय कुमार पिछली बार फिल्म स्काई फोर्स में नजर आए थे, जिसने बॉक्स ऑफिस पर औसत कमाई की थी। हालांकि, अक्षय ने फिल्म में अपने अभिनय के जरिए खूब वाहवाही लूटी थी। आने वाले दिनों में अक्षय की कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं और अब उनके खाते से एक नई फिल्म जुड़ गई है। दरअसल अक्षय निर्देशक अरुण माथेश्वरन की अगली फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक अरुण बॉलीवुड में आने की तैयारी कर रहे हैं और अपनी पहली हिंदी फिल्म के लिए वह अक्षय के साथ बातचीत कर रहे हैं। अक्षय को उनकी फिल्म की कहानी पसंद आई है और वह इसका हिस्सा बनने के लिए अपनी रजामंदी भी दे चुके हैं। फिल्म एक्शन थ्रिलर होने वाली है। फिल्म काफी बड़े स्तर पर बनने वाली है।



# प्रधानमंत्री आवास योजना भर्ती में देरी, गड़बड़ी का आशंका

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत तकनीकी सहायक सहित लेखापाल एवं डाटा इंन्ट्री आपरेटर हेतु जिला पंचायत कबीरधाम द्वारा विज्ञापन क्रमांक 4519/प्रमआयों-ग्रा / जि. पं./2024- 25.09.2024 जारी किया था। प्राप्त आवेदन पर पात्र /अपात्र सूची जारी कर 05.11.2024 तक दावा आपत्ति मंगाया गया था। दावा आपत्ति पश्चात 1:20 कौशल परीक्षा हेतु 15.11 2024 परीक्षार्थियों का सूची जारी कर 20.11 2024 को परीक्षा आयोजित किया गया। प्राप्त अंक के अनुसार 27.11.2024 को साक्षात्कार आयोजित किया गया। 03 दिसंबर 2024 को दो पदों के तकनीकी सहायक का मेरिट सह चयन सूची को कबीरधाम जिले बेबसाइड में अपलोड किया गया लेकिन आजतक किसी भी चयनित अभ्यर्थियों को कार्यादेश जारी नहीं किया है। आखिर इसके पीछे किसका संरक्षण या राज छुपा है। यह जांच का विषय बनता है।



### दावा आपत्ति पर आज तक नहीं हुआ निराकरण

जिला पंचायत कबीरधाम से तकनीकी सहायक पद हेतु कौशल परीक्षा हेतु 1:20 में अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई थी, जिसमें अनेक अभ्यर्थियों / आवेदकों द्वारा एक से अधिक जिलों में आवेदन पत्र प्रेषित करने के संबंध में कौशल परीक्षा के पूर्व दावा आपत्ति प्रस्तुत किया गया था, जिसके उपरांत भी हेमंत कुमार बिसेन/ शोभाराम बिसेन को कौशल परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु बुलाया गया एवं उनके रिमार्क कॉलम में किसी प्रकार का कोई उल्लेख नहीं किया गया हैं, जबकि अन्य अभ्यर्थियों के रिमार्क कॉलम में एक से अधिक जिले में आवेदन करने पर नियुक्ति निरस्त किये जाने का उल्लेख किया गया है।

### भर्ती नियम में उलझ गया चयन सूची

जिला पंचायत कबीरधाम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जारी विज्ञापन में नियम एवं शर्त की कंडिका क्रमांक 20 अनुसार आवेदक द्वारा एक से अधिक जिलों में एक ही पद में आवेदन हेतु पात्र नहीं होंगे यदि आवेदक द्वारा एक से अधिक जिले में आवेदन प्रस्तुत किया जाता हैं तो ऐसी स्थिति में आवेदक के समस्त आवेदन स्वमेव निरस्त माना जावेगा का उल्लेख हैं। किन्तु जिला पंचायत कबीरधाम द्वारा 03/12/2024 को जारी चयन सह प्रतीक्षा सूची में अनारक्षित प्रवर्ग में चयनित अभ्यर्थी हेमंत कुमार बिसेन/ शोभाराम बिसेन द्वारा एक से अधिक जिला में आवेदन किया गया हैं, जिसके संदर्भ में जिला पंचायत बालोद के द्वारा जारी सूची के सरल क्र./आवेदन क्र. 254/295 तथा जिला पंचायत धमतरी के द्वारा जारी सूची के सरल क्र./आवेदन क्र. 135/167 संलग्न हैं।

### भर्ती नहीं होने के कारण आवास निर्माण में प्रगति नहीं

कबीरधाम जिला में प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण लक्ष्य से काफी पीछे होने का एक मुख्य वजह पांच महीने पूर्व जारी विज्ञापन में भर्ती नहीं हो पाना। अधिकारी कर्मचारियों की कमी के चलते नियमित रूप से मॉनिटरिंग नहीं हो पा रहे है। उधारी और जुगाड़ के कर्मचारी अपने मूल कार्यों में रुचि रखते हैं उन्हें आवास निर्माण जैसे हितग्राही मूलक कार्यों में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। अब स्थानीय चुनाव भी संपन्न हो गया। कुछ दिन पूर्व जिला कलेक्टर बैठक लेकर सभी को निर्देश दिए है कि अपने अपने कार्यों में भीड़ जाए। शायद जल्द ही सितंबर महीने से जारी विज्ञापन पर अब भर्ती पूर्ण हो जाए।

## हिंदी पेपर के साथ ही हाईस्कूल सर्टिफिकेट की परीक्षा आज से प्रारंभ

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट की मुख्य परीक्षाएं 1 मार्च से 28 मार्च 2025 तक बेमेतरा जिले के 77 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जा रही है। इस वर्ष बेमेतरा विकासखंड में 20 परीक्षा केन्द्र, साजा विकासखंड में 24 परीक्षा केन्द्र, बेरला विकासखंड में 14 परीक्षा केन्द्र, इसी तरह नवागढ़ विकासखंड में 19 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। सभी 77 परीक्षा केन्द्रों में 77 केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। 1 मार्च से 12वीं की हायर सेकंडरी स्कूल सर्टिफिकेट की परीक्षा प्रारंभ हो चुकी है। पहले दिन सभी परीक्षा केन्द्रों में परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित पाई गई। इस वर्ष बेमेतरा जिले में हाई स्कूल सर्टिफिकेट की परीक्षा में 13955 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। बोर्ड परीक्षा के सफल, सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए रणबीर शर्मा के द्वारा 8 उड़नदस्ता की टीम बनाई गई है। जबकि 2 टीम को रिजर्व में रखा गया है। जिसमें अर्चना ठाकुर खनिज अधिकारी बेमेतरा, एम डी डड़सेना उप संचालक कृषि बेमेतरा, चंद्रवेश सिंह सिसोदिया जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास बेमेतरा, हितेंद्र मेश्राम उप संचालक उद्यान बेमेतरा, सांतु लाल नेताम जिला पंजीयन बेमेतरा, अनुराधा यादव जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी बेमेतरा, जगदीश प्रसाद गोड़ अनुविभागीय अधिकारी पीएचई बेमेतरा, भावेश सिंह पीडब्ल्यूडी एसडीओ बेमेतरा को दल प्रभारी बनाया गया है। जबकि रिजर्व दल में बरखा कासू उप संचालक समाज कल्याण बेमेतरा, अलका शुक्ला जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम बेमेतरा को रखा गया है। प्रत्येक दल प्रभारी के साथ एक चार सदस्यों की टीम दी गई है। सभी दल प्रभारी परीक्षा के दिन अपने आवंटित परीक्षा केन्द्रों में जाकर नियमित रूप से मॉनिटरिंग करेंगे और प्रतिदिन अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। परीक्षा के दौरान विषम परिस्थितियों में समाधान एवं परीक्षा के दिन परीक्षा केन्द्रों की सतत मॉनिटरिंग, निगरानी एवं सफल संचालन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे के द्वारा भी उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है। इस उड़नदस्ता के दल में भूपेंद्र कुमार साहू सहायक जिला परियोजना अधिकारी एपीसी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बेमेतरा, सदस्यों में युवराज सिंह बनाफर व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल अतरगढ़ी, तृप्ति वर्मा शिक्षिका शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बालसमुंद शामिल किये गए हैं। शिक्षा विभाग के द्वारा गठित उड़नदस्ता की टीम भी परीक्षा के दिन परीक्षा केन्द्रों की गहनता से मॉनिटरिंग करेंगे और अपना प्रतिवेदन जिला शिक्षा अधिकारी को देंगे।

## एक पूर्व पार्षद सहित विधानसभा आईटी सेल प्रभारी कांग्रेस से 6 साल के लिए निष्कासित


पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद बेमेतरा के चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी के विरुद्ध गतिविधियों में शामिल होने के कारण एक पूर्व पार्षद सहित विधानसभा आईटी सेल प्रभारी को कांग्रेस से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। बेमेतरा जिला कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के अनुशंसा पर बेमेतरा जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री ललित विश्वकर्मा ने बेमेतरा नगरपालिका के पूर्व पार्षद रानी सेन एवं बेमेतरा विधानसभा के आईटी प्रभारी डेनिम सेन को 6 साल के लिए कांग्रेस पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। दोनों को अलग-अलग निष्कासन पत्र जारी कर पूर्व पार्षद रानी सेन को भेजे गए निष्कासन पत्र में कहा गया है कि बेमेतरा नगर पालिका चुनाव वर्ष 2025 में आपके द्वारा पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध गतिविधियों में शामिल पाया गया है, जिसकी लगातार शिकायत पार्टी को प्राप्त हुई है। यह पार्टी हित के खिलाफ गंभीर अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी कृत्य के अंतर्गत आता है। उक्त कृत्य को देखते हुए आपको भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की सदस्यता से 6 वर्षों के लिए निष्कासित किया जाता है। इसी तरह डेनिम सेन प्रभारी विधानसभा आई.टी.सेल बेमेतरा, जिला बेमेतरा (छ.ग.) के पत्र में कहा गया है कि बेमेतरा नगर पालिका चुनाव वर्ष 2025 में आपके द्वारा पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध गतिविधियों में शामिल पाया गया है, जिसकी लगातार शिकायत पार्टी को प्राप्त हुई है। यह पार्टी हित के खिलाफ गंभीर अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी कृत्य के अंतर्गत आता है। उक्त कृत्य को देखते हुए आपको भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की सदस्यता से 6 वर्षों के लिए निष्कासित किया जाता है। दोनों के पत्र की कापी प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष को प्रेषित किया गया है।



जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा

निष्कासन आदेश



जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा

निष्कासन आदेश

बता दें कि इसके पूर्व भी दो पूर्व पार्षद को भी कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव लडने के कारण दो पूर्व पार्षद घनश्याम देवांगन और लक्ष्मी नेतराम कौशले को कांग्रेस से 6साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है।

## छग के पारंपरिक व्यंजन एवं संस्कृति के मुरीद हुए गोवा के युवा

**युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की जरूरत : विजय बघेल**

**युवा आदान प्रदान कार्यक्रम देश की संस्कृति को जोड़ने में सहायक : गजेंद्र यादव**




पायनियर संवाददाता उतई
www.dailypioneer.com

अंतरराज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का उदघाटन चोपड़ा पैलेस दुर्ग में मंगलवार को किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गोवा के युवाओं को छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपराओं और विकास गतिविधियों से जोड़ना है, जिससे राष्ट्रीय एकता और समरसता को बढ़ावा दिया जा सके। इसका आयोजन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की स्वायत्त संस्था माय भारत नेहरु युवा केंद्र दुर्ग के द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव, दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल एवं नेहरू युवा संगठन छग राज्य निदेशक अतुल निकम युवाओं से मिलने पहुंचे थे। नेहरू युवा केंद्र दुर्ग के जिला युवा अधिकारी नितिन शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम 26 फरवरी से 2 मार्च तक चोपड़ा पैलेस दुर्ग में आयोजित है जिसमें गोवा राज्य के 27 युवा पांच दिनों तक शैक्षणिक सत्र, कार्यशाला, खेल और क्षेत्र भ्रमण जैसे कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। अभी तक इन्हें गुरुघासीदास संग्रहालय रायपुर, पुरखौती मुक्तांगन, मैत्री बाघ सहित आसपास के पर्यटन एवं दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जा चुका है साथ ही छग की संस्कृति के विषय पर शिक्षक एवं पीएसडी स्कॉलर नरोत्तम साहू, सामुदायिक विकास विषय पर आदित्य भारद्वाज, व्यक्तित्व निर्माण विषय पर जितेंद्र सोनी, साइबर क्राइम जागरूकता के लिए सायबर पोलिस थाना दुर्ग के सीनियर सब इंस्पेक्टर डॉ संकल्प रॉय सहित अन्य वक्ताओं ने युवाओं को संबोधित किया। योगगुरु मृदुल निर्मल प्रतिदिन युवाओ को योगाभ्यास एवं यादवेंद्र साहू ने माइंड एवं रचनात्मक खेलों का अभ्यास करा रहे हैं। विधायक गजेंद्र यादव ने युवाओं के साथ चर्चा करते हुए कहा भारत सरकार द्वारा आयोजित अन्तर्राज्जीय युवा आदान प्रदान कार्यक्रम युवाओं को नए अनुभवों से परिचित कराएगी और उन्हें शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं व्यावसायिक अवसरों की जानकारी प्राप्त करने में मदद करेगी। साथ ही युवाओं को अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए एक मंच प्रदान करता है। सांसद विजय बघेल ने कार्यक्रम की प्रसंशा करते हुए कहा युवा ही प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत की संकल्पना को पूर्ण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं इसलिए वे एनवाईके से लगातार जुड़कर युवाओं से संवाद करते हैं। उन्होंने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा हम युवाओं को एक सकारात्मक दृष्टिकोण देकर उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना चाहते हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया भारत की संस्कृति अत्यंत समृद्ध और संपन्न है जिसे युवा पीढ़ी ही संरक्षित एवं संवर्धित कर सकती है। इसके लिए युवाओं को पूरी ईमानदारी से सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की जरूरत है। कार्यक्रम को सफल बनाने में एपीए आरती मिश्रा, आकांक्षा गोंडाने, ललेश्वरी साहू, गायत्री निषाद, हितेश, निमिष, गौरव, योगेश सहित शौर्य युवा संगठन कोड़िया, कर्मवीर युवा संगठन कातरो, छग युवा जनकल्याण संगठन हनोदा, जीविका स्वसहायता समूह बोरसी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## कृषि विज्ञान केन्द्र में हुआ दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं संग्रह निदेशालय के अंतर्गत केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, रायपुर द्वारा 27-28 फरवरी 2025 को कृषि विज्ञान केंद्र, बेमेतरा में रबी 2024-25 के तहत दो दिवसीय मानव संसाधन विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 70 प्रगतिशील किसान, किसान उत्पादक संगठन के सदस्य, कीटनाशक व्यापारी, महिला किसान सखी एवं किसान मित्र शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन तोशण कुमार ठाकुर, वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केंद्र, बेमेतरा एवं डॉ. रीता सिंगारे, वरिष्ठ वैज्ञानिक (कीट विज्ञान) द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को एकीकृत कीट प्रबंधन तकनीकों से अवगत कराया गया और उनके प्रभावी उपयोग पर चर्चा की गई। कन्हैया लाल मीना, वैज्ञानिक सहायक ने किसानों को एनपीएसएस मोबाइल ऐप के प्रयोग एवं उसकी विशेषताओं की जानकारी दी। 28 फरवरी 2025 को नीरज सिंह, उप निदेशक, केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, रायपुर एवं डॉ. आशीष जायसवाल, वैज्ञानिक (पी.पी) ने कीटनाशकों के सुरक्षित और उचित उपयोग पर विस्तार से चर्चा की। इसके अलावा, डॉ. जितेंद्र कुमार जोशी, वैज्ञानिक (वि.वि.वि.) ने प्रशिक्षणार्थियों को कीट प्रबंधन में उपयोग किए जाने वाले कृषि यंत्र एवं उपकरणों की जानकारी दी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन में डोमन सिंह टेकाम, डॉ. लव कुमार, शिव कुमार सिन्हा (कार्यक्रम सहायक, कंप्यूटर), कमलेश कुमार बघेल एवं राजेश कुमार पाठक का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को एकीकृत कीट प्रबंधन तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, जिससे वे अपने खेतों में सुरक्षित और प्रभावी कीट नियंत्रण उपायों को लागू कर सकें।

## जिला परिवहन विभाग द्वारा 17 बसों पर 15,300 रु शमन शुल्क वसूला




पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

परिवहन मुख्यालय, नया रायपुर एवं कलेक्टर रणबीर शर्मा और के निर्देशानुसार, बेमेतरा जिले में बिना परिचालक लाइसेंस और वर्दी के यात्री बस चालकों एवं परिचालकों पर कड़ी कार्रवाई की गई। इस अभियान के तहत जिला परिवहन अधिकारी अरविंद भगत द्वारा 28 फरवरी को यात्री बसों की चेकिंग की गई, जिसमें कई बस चालक और परिचालक शासन द्वारा निर्धारित वर्दी के बिना पाए गए और कुछ परिचालक अपना लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सके। उक्त जांच के दौरान 17 बसों के चालकों और परिचालकों पर मोटरयान नियमों के उल्लंघन के लिए कार्रवाई की गई, जिसमें कुल 15,300 रुपये शमन शुल्क वसूल किया गया। सभी चालकों और परिचालकों को सख्त चेतावनी दी गई कि भविष्य में यात्री बसों का संचालन शासन द्वारा निर्धारित वर्दी में ही करें और परिचालक अपने लाइसेंस साथ रखें। नियमों की अवहेलना पर भविष्य में और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि यात्री परिवहन व्यवस्था सुचारू और सुरक्षित बनी रहे, साथ ही मोटरयान नियमों का सख्ती से पालन हो।

## पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने त्रिस्तरीय निर्वाचन पर उठाए सवाल

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कार्यवाहक जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने त्रिस्तरी पंचायत चुनाव में निर्वाचन आयोग के कार्य शैली पर सवालिया निशान उठाया है उन्होंने कहा है कि कुछ जगहों से शिकायतें प्राप्त हो रही है कि प्रत्याशियों को गणना पर्ची प्रदान किए जाने के बाद निर्वाचन परिणाम बदल दिए गए जिससे निश्चित है प्रशासन भाजपा के दबाव में चुनाव करा रहा था भाजपा के स्थानीय बड़े नेताओं के दबाव में चुनाव परिणाम बदले गए हैं जिसका उदाहरण जनपद पंचायत बेरला के सडी ग्राम का है जहां त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में रिटर्निंग ऑफिसर एवं पीठासीन की मिली भगत से सरपंच चुनाव के परिणाम बदल दिए गए जबकि पूर्व में



विजयी प्रत्याशी को पीठासीन अधिकारी द्वारा गणना पर्ची प्रदान कर दी गई है तथा उक्त विजयी प्रत्याशी अपना विजय जुलूस लेकर मतगणना स्थल से निकला और उसके जाते ही भाजपा नेताओं के दबाव में रिटर्निंग ऑफिसर तथा पीठासीन अधिकारी के द्वारा हारे हुए प्रत्याशी के पक्ष में परिणाम घोषित कर दिया गया। इसी तरह ग्राम पंचायत खमरिया एम के पंच चुनाव में जहां मतदाताओं की संख्या 90 है वहां पर 98 मत पड़े हैं जो दर्शाता है कि चुनाव में भारी अनियमितता बरती गई है, जबकि चुनाव में मत पत्र के पीछे पीठासीन अधिकारी के हस्ताक्षर सहित सील लगी होती है जो इस बात की पहचान है कि उक्त मत संबंधित मतदान केंद्र में पीठासीन अधिकारी के द्वारा जारी किए गए हैं। ऐसे में कुल मतदाता 90 के स्थान पर 98 मत पत्र मिलना त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के निर्वाचन को संदिग्ध बनता है। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि भाजपा नेता में येन केन चुनाव जीतना चाहती है और अधिकारियों पर दबाव बनाकर चुनाव परिणाम परिवर्तित करा रही है। निश्चित चुनाव भारतीय जनता पार्टी हार चुकी है भारतीय जनता पार्टी के आला नेता जानते हैं। वह बैलेट पेपर में चुनाव नहीं जीत सकते तो वह अधिकारियों को दबाव डालकर इसी तरीके से चुनाव परिणाम परिवर्तित कराते हैं। पूर्व विधायक ने कहा कि इस प्रकरण की शिकायत राज्य निर्वाचन आयोग को की जाएगी साथ ही साथ प्रकरण में न्यायालय का भी सहारा लिया जा रहा है। भाजपा नेता चाहे जितना दम लगा ले जनता के दिलों पर उनकी छवि धूमिल हो चुकी है। लोग जान चुके हैं कि भाजपा सिर्फ बरगलाने का काम करती है। आम जनता तथा किसानो के हितों से इनका कोई लेना-देना नहीं है। जब से राज्य में भाजपा की सरकार आई है विकास थम सा गया है, भाजपा नेता सिर्फ लूट पाट में लगे हुए हैं।

## एसएसपी साहू ने किया थाना सिटी कोतवाली चौकी देवरबीजा, खण्डसरा का किया वार्षिक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा एवं चौकी देवरबीजा, खण्डसरा वार्षिक निरीक्षण किया। एसएसपी द्वारा निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारी/ कर्मचारियों का मनोबल बढाये जाने के साथ ही कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया गया। एसएसपी ने निरीक्षण के दौरान पुलिस जवानो की समस्याओं को सुनते हुए यथोचित निराकरण का आश्वासन दिया गया। उन्होने थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा में विभिन्न अपराधो में जप्त वाहन जो थाना परिसर में खडी है उनकी गिनती कराई और यह सुनिश्चित किया कि जप्ती माल रजिस्टर में जप्त वाहन की संख्या है जितना दर्ज किया गया है वह वाहन परिसर में खडी है कि नहीं, थाना की जप्ती माल, मालखाना, जप्ती रजिस्टर, जरायम, शिकायत, डियुटी रजिस्टर, मुर्त रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट, ग्राम अपराध पुस्तिका, फिंगर प्रिंट रजिस्टर, थाना की अन्य रजिस्टर व तख्ती चेक किये। एवं थाना की साफ सफाई हेतु विशेष ध्यान रखने तथा लंबित अपराधो, मर्ग, गुम, शिकायत और लंबित वारंटो की निकाल करने एवं असमाजिकतत्वो के विरूद्ध अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक एवं बाउंड ओवर की कार्यवाही करने व असामाजिक तत्वों तथा निगरानी बदमाशों, गुण्डों, शराब पीकर हुल्लड/मारपीट करने वालों के विरूद्ध सख्त प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने निर्देश दिये गए तथा वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त पत्रों का सही समय में निकाल करने एवं वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त दिशा निर्देशों का पालन करने, ई-साक्ष्य का उपयोग करने व समस्त स्टाफ को डियुटी के दौरान निर्धारित साफ सुथरी वर्दी धारण करने तथा थाना में रिपोर्ट करने आये महिला आगंतुक / रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरतापूर्वक लेते हुये तत्काल उचित कार्यवाही करने तथा निर्देशों का पालन नहीं करने पर अधिकारी/ कर्मचारी को दंडित किए जाएंगे, थाना/चौकी प्रभारी को अवैध कारोबारियो, अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यो में लिप्त लोगो के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करने, मजबूत सूचना तंत्र विकसित कर बेहतर पुलिसिंग करने, थाना/चौकी का भ्रमण कर थाना/चौकी की साफ सफाई हेतु विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया गया तथा चोरियो एवं अपराधो पर अंकुश लगाने हेतु रात्रि में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त सुदृढ करने, गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त के दौरान हाटल, लाज, ढाबा, एटीएम, बैक, बस स्टैण्ड, प्रतिक्षालय एवं संदिग्ध व्यक्तियो कि चेकिंग करने, अधिकारियों व जवानों को रात में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त कर गली-मोहल्लों एवं चप्पे-चप्पे पर अपनी पैनी नजर रखने, साथ ही आसपास के ग्रामीण इलाकों में गस्त को बढ़ाने व लगातार रात में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। सायबर अपराध पर नियंत्रण हेतु रेंज तथा जिलों में सायबर प्रहरी का प्रचार-प्रसार कर व्हाट्सएप ग्रुप बीट वाईस बनाया गया है उसमें अधिक से अधिक लोगो को जोडकर जन जागरूकता अभियान चलाया जाने एवं सामुदायिक पुलिसिंग के लिए हमर पुलिस हमर बजार एवं हमर पुलिस हमर गांव अभियान के माध्यम से हॉट/बाजारों एवं ग्रामों में जागरूकता अभियान चलाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## लीनेश क्लब प्रेरणा मेन द्वारा बोर्ड परीक्षा के परिक्षार्थियों का तिलक और फूल से किया स्वागत



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

लीनेश क्लब प्रेरणा मेन के सदस्यों के द्वारा 12 बोर्ड परीक्षा दिलाने वाले सभी छात्र छात्राओं के लिए पहले दिन एक नया मिसाल कायम किया। लीनेस क्लब प्रेरणा मेंन द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक स्कूल बेमेतरा में 12वीं की परीक्षाएं शुरू होने पर लीनेस क्लब के द्वारा छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाने के लिए उनको तिलक लगाकर एवं फूल बरसाकर उनका स्वागत किया एवं चॉकलेट दिया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं उनका मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर लीनेस अध्यक्ष शशि तिवारी एवं सचिव आरती साहू नीतू कोठारी और लीनेस ममता ताम्रकार उपस्थिति थी।

# 51 सनातनी कन्याओं का छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन ने कराया सामूहिक विवाह





पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश के इतिहास में पहली बार किसी सामाजिक संगठन द्वारा एक साथ 51 सनातन धर्म के जोड़ों का निशुल्क सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया, अवसर था राजधानी रायपुर के होटल एंट्री पॉइंट में, जहां एक मार्च को छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन (सम्मेलन) के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अशोक सियाराम अग्रवाल, छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की रायपुर जिला इकाई के अध्यक्ष हरिकेश पालीवाल एवं कार्यक्रम की संयोजिका शोभा केडिया के मार्गदर्शन में समाज के दानवीरों के सहयोग से यह पूरा कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस कार्यक्रम में जहां आर्य समाज के 51 पंडितों द्वारा 51 सनातन धर्म के जोड़ों का रीति रिवाज से विवाह संस्कार संपन्न कराया गया तो वहीं पूरे कायक्रम के दौरान बहुत ही सुंदर व्यवस्था देखने को मिली एवं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जहां आयोजन समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य तत्परता के साथ जुटे रहे तो वहीं सुबह से ही नारी शक्ति भी इस पूरे आयोजन में अपना योगदान दे रही थी एवं आगंतुक जोड़ों के परिवार जनों के लिए भी जहां बहुत ही सुंदर व्यवस्था की गई तो वहीं पूरे कार्यक्रम स्थल को भी आकर्षक ढंग से सजाया गया था एवं विवाह संस्कार के पश्चात जहां आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया तो वही नम आंखों से सभी कन्याओं को विदा भी किया गया एवं इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्यों ने समाजसेवियों के सहयोग से सभी जोड़ों को विवाह की सामग्री भी प्रदान की, तो वहीं इस पूरे आयोजन में छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न स्थानों से लोगों ने स्वस्फूर्त आगे जाकर अपना सहयोग प्रदान किया, तथा नवयुगल जोड़ों को आशीर्वाद के साथ ही अलग-अलग प्रकार की विवाह सामग्रियां भी दी गई, इस पूरे आयोजन के दौरान जहां छत्तीसगढ़ प्रदेश की दिग्गज हस्तियों ने भी उपस्थित होकर मंच के माध्यम से सभी नवयुगल जोड़ों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया तो वहीं राजधानी रायपुर के होटल एंट्री पॉइंट में 51 जोड़ों का एक साथ विवाह का कार्यक्रम पहली बार किसी सामाजिक संगठन ने किया था,जिसमें कि केवल सनातन धर्म के 51 जोड़े उपस्थित रहे एवं सभी परिवार जनों ने भी आयोजक संस्था का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान संगीतमय मंत्रोच्चार के साथ जहां पूरा विवाह संस्कार संपन्न हुआ, तो वही सुबह से ही लोगों ने सह परिवार इस पूरे कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने में अपना योगदान दिया तथा कार्यक्रम से पूर्व भी विगत एक महीने से निरंतर आयोजन समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य प्रचार प्रसार में जुटे रहे तथा कार्यक्रम में विवाह सामग्री इत्यादि की व्यवस्था जुटाने में भी सभी सदस्यों ने अपनी अहम भूमिका निभाई, आगंतुक लोगों के लिए नाश्ते एवं भोजन की भी सुंदर व्यवस्था की गई जिसकी चारों ओर प्रशंशा हो रही है, इस पूरे आयोजन के कर्णधार सदस्यों की संख्या इतनी ज्यादा थी, कि हम किसी के नाम का उल्लेख इस समाचार में नहीं कर पा रहे हैं, किंतु सभी सदस्यों का बहुत ही सराहनीय योगदान रहा।

# बचपन प्ले स्कूल एवं एकेडमी हाइट्स पब्लिक स्कूल को किया गया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com






क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्यालय बचपन प्ले स्कूल एवं एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल (सीबीएसई नई दिल्ली से संबद्धता प्राप्त) को दिल्ली के होटल क्राउन प्लाजा में आयोजित मैस्ट्रो अवार्ड कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में देश की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी एवं ओलंपिक पदक विजेता सायना नेहवाल उपस्थिति रही। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्यालय एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल को सोशल मीडिया स्टार अवार्ड से मुख्य अतिथि सायना नेहवाल के हाथों सम्मानित किया गया साथ ही क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्यालय बचपन प्ले स्कूल को टॉर्च वेअरर (ज्ञान प्रचारक) के प्रतिष्ठित अवार्ड से मुख्य अतिथि साइना नेहवाल के हाथों सम्मानित किया गया। विद्यालय की ओर से उक्त कार्यक्रम में तनिष्क ताम्रकार उपस्थित रहे और दोनों विद्यालयों की ओर से अवार्ड प्राप्त किया। पूरे देश में 120 से ज्यादा एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल है वहीं 1200 से ज्यादा बचपन प्ले स्कूल है इतने स्कूलों के बीच में मनेद्रगढ़ जैसे छोटे शहर को ऐसे प्रतिष्ठित अवार्ड प्राप्त होना पूरे शहर ही नहीं क्षेत्र के लिए भी गौरव की बात है। एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल के प्राचार्य पी. रविशंकर ने अवार्ड प्राप्त करने पर अत्यंत खुशी जताते हुए कहा कि कड़ी मेहनत लगन एवं ईमानदारी से कार्य करने का प्रतिफल है यह अवार्ड पूरे विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गौरव की बात है इस अवार्ड को प्राप्त करना। बचपन प्ले स्कूल की काउंसलर सोनाली दास ने अवार्ड प्राप्त होने पर प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा की हमारा विद्यालय लगातार नए-नए प्रयोग एवं शिक्षा क्षेत्र में कड़ी मेहनत एवं लगन के साथ प्रयास करता रहता है एवं विद्यालय की शिक्षिकाओं की कड़ी मेहनत, लगन एवं विद्यालय के डायरेक्टर्स तथा अभिभावक के सहयोग के कारण ही यह अवार्ड हमें प्राप्त हो पाया है। संस्था के डायरेक्टर संजीव ताम्रकार, आशीष कक्कड़, डॉक्टर एस.के. सिन्हा, प्रशांत अग्रवाल, ज्योति ताम्रकार, आशी कक्कड़, मीनू लाल, तोषी अग्रवाल ने दोनों विद्यालयों को अवार्ड प्राप्त होने पर विद्यालय परिवार, विद्यालय के छात्र छात्राओं एवं समस्त अभिभावकों को आभार प्रदर्शित किया एवं कहा कि दोनों विद्यालयों को प्राप्त अवार्ड का श्रेय विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं की कड़ी मेहनत लगन एवं ईमानदारी के प्रयासों का नतीजा है हमारे विद्यालय को अभिभावकों का भी सहयोग सदैव प्राप्त होता रहता है।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई लाखों की सड़क जिम्मेदार अधिकारी बैठे निहार रहे उखड़ी सड़क

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



जिले के जनप्रतिनिधि कलेक्टर के सामने नतमस्तक होते दिख रहे हैं. जिले में करोड़ों की DMF की राशि का बंदरबाट हो रहा है. शहर में खेल स्टेडियम से लेकर नहरिया बाबा रोड़ स्विमिंग पूल रोड़ में कंक्रीट रोड़ का निर्माण हो रहा हैं। जिसमें कई खामियां नजर आ रही है। नहरिया बाबा रोड में रोड चौड़ीकरण हो रहा है जो सीमेंट के कंक्रीट से किया जा रहा है, लेकिन ठेकेदार द्वारा रोड निर्माण में अनिमित्तता बरत जा रहा है। पुराने सीमेंट कंक्रीट होने के कारण बीच बीच को अधूरा छोड़ दिया जा रहा है। पैसे बचाने के चक्कर में ठेकेदार आधा अधूरा रोड का निर्माण कर रहा है। उसमें भी अब अब गिट्निटी निकलने लगी है। वही सीमेंट का कंक्रीट टूटने लगा है। गुणवत्ताहीन रोड का निर्माण हो रहा है. यही हाल स्विमिंग पूल रोड का है, 15 दिन पहले सीसी रोड के बीच पत्थर अब दिखने लगे है, रोड में धूल उड़ रहा है। पूरे काम में सिंचाई विभाग निर्माण एजेंसी है. सिंचाई विभाग करोड़ों का टेंडर जारी किया हैं. जिसमें ठेकेदार की मनमानी एवं जिम्मेदार अधिकारीयो का अड़यल रवैया के चलते खराब रोड निर्माण हो रहा है। जिसकी शिकायत अब पब्लिक जन प्रतिनिधियों से करने लगी है। इस रोड़ में लोग कुछ ही दिन चल पाएंगे फिर से वही स्थिति से भुगतना पड़ेगा। फिर से नया टेंडर होगा, दूसरी, तीसरी बार एक ही रोड का निर्माण होगा और अफसर अपना जेब भरते रहेंगे। पूरे मामले में जब लोगों द्वारा विधायक से शिकायत की गई तो विधायक का कहना था कि मामले में शिकायत आई है जल्दी उच्च अधिकारियों एवं मुख्यमंत्री से चर्चा की जाएगी और विधानसभा में भी मामले को उठाया जाएगा, दोषी अफसरो एवं ठेकेदारों पर कार्रवाई की मांग करेंगे।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण





पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

जिले में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं के प्रारंभ होने पर प्रथम दिवस एक मार्च को शक्ति जिले के जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा ने उड़न दस्ता टीम के साथ शक्ति विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या शक्ति के परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया, इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने वहां उपस्थित स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को बोर्ड परीक्षाओं के बेहतर संचालन संबंधी दिशा- निर्देश दिए, तो वहीं परीक्षा दे रहे विद्यार्थियों से भी चर्चा की तथा शक्ति जिले में प्रथम दिवस चारों विकासखंडों में कुल 98 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे तो वहीं प्रथम दिवस एक भी नकल प्रकरण नहीं बना तथा पूरे जिले में शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक बोर्ड परीक्षा का प्रथम पेपर संपन्न हुआ तथा जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा ने जिले में अनुपस्थित रहे 98 परीक्षार्थियों के संबंध में भी संबंधित विकासखंड के शिक्षा अधिकारियों से आवश्यक चर्चा की।

# पं. पी के तिवारी को वाचस्पति की मानद उपाधि (डॉक्टरेट अवार्ड) से किया गया अलंकृत

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान तथा वीर अकादमी बालाघाट के संयुक्त तत्वावधान में 23 वॉ राष्ट्रीय साहित्य एवं पुरातत्व का अनुष्ठान आयोजित हुआ। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ रायपुर से डॉ पंडित पीके तिवारी को वाचस्पति की मानद उपाधि (डॉक्टरेट अवार्ड) से अलंकृत किया गया, इस राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी में 15 राज्यों से प्रतिष्ठित पुरातत्व विद्, इतिहास विद्, साहित्य विद्, समाज शास्त्री व अधिकारियों का आगमन भव्यता के साथ हुआ। कलेक्टर मीना को कलेक्टर बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लक्ष्याधिपति वाचस्पति की मानद उपाधि (डॉक्टरेट अवार्ड) से अलंकृत किया गया। अध्यक्षता डॉ. रामविजय शर्मा, पुरातत्व विद् (बिहार) ने की जिन्हें राष्ट्रीय पुरातत्व शिरोमणी मानद उपाधि, विशिष्ट अतिथियों में डॉ.दिव्या राहूल देढिया मुंबई (महाराष्ट्र) को कच्छ कढ़ाई कला के क्षेत्र में वाचस्पति की मानद उपाधि, डॉ..चन्द्रिका भूपेन्द्र व्यास मुंबई (महाराष्ट्र) और डॉ. कीर्ति वल्लभ शक्टा चम्पावत (उत्तराखंड) को साहित्य के क्षेत्र में वाचस्पति की उपाधि, ऋषिकेश संजय वालझाडे अहिल्यानगर (महाराष्ट्र) को खेल के क्षेत्र में वाचस्पति की मानद उपाधि, समीर सिंह गहरवार को राष्ट्रीय पुरातत्व शिरोमणी की मानद उपाधि (डी.लिट् अवार्ड), डॉ. संतोष कुमार सक्सेना को राष्ट्रीय भूवैज्ञानिक विद्श्री से अलंकृत किया गया। डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार संग्रहाध्यक्ष इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय बालाघाट, डॉ.कविता गहरवार प्रधान सम्पादक गंगोत्री वार्षिक गद्य और पद्य राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका (गहरवार दम्पति) को प्रेस क्लब चांपा (छत्तीसगढ़) के अध्यक्ष डॉ.कुलवंत सिंह सलूजा की ओर से राष्ट्रीय स्वाभिमान रत्न विद्श्री, कलेक्टर मृणाल मीणा के हस्ते अलंकृत किया गया, डॉ. सुभाषचंद्र गुप्ता और डॉ. कुलदीप बिल्थरे बालाघाट (मध्यप्रदेश) को राष्ट्रीय विशिष्ट पारस मणी विद्श्री से अलंकृत किया गया।

# सटटा खिलाने वाले दो आरोपीयो को चाम्पा सायबर टीम ने किया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

सट्टा खिलाने वाले दो आरोपीयो को चाम्पा/सायबर टीम ने किया गिरफ्तार है। आरोपियों के कब्जे 02 नग मोबाइल एवं नकदी रकम 1,00,500/रुपया बरामद किया गया। थाना चांपा साइबर टीम जांजगीर को मुखबीर सूचना प्राप्त हुआ कि भाले राय मैदान चाम्पा में सोनारिन घाट चाम्पा निवासी विजय कसेर मोबाइल के माध्यम से सट्टा खिला रहा है की सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया, जहाँ विजय कसेर व प्रकाश देवांगन दोनों चैंपियन ट्रॉफी में ऑनलाइन आई डी के माध्यम से क्रिकेट का रुपये से दांव लगाकर हार जीत का सट्टा खिला रहे थे जो विजय कसेर से एक मोबाइल व नगद एक लाख पांच सौ रूपये व प्रकाश देवांगन से एक नग मोबाइल जिसमे क्रिकेट मैच का जानकारी लेन देन को बरामद किया जाकर आरोपी के विरुद्ध थाना चाम्पा में अपराध क्रमांक 69/ 25 धारा 7 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 पंजीबद्ध किया जाकर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर 01.03.2025 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक नरेश कुमार पटेल थाना प्रभारी चाम्पा, सहायक उप निरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय, महिला प्रधान आर श्यामा जायसवाल,सायबर टीम जांजगीर से प्रभारी उप निरीक्षक पारस पटेल, सहायक उप निरीक्षक विवेक सिंह, प्रधान आर. मनोज तिग्गा, आरक्षक प्रदीप दुबे, रोहित कहरा व थाना चाम्पा स्टाफका योगदान सराहनीय रहा।

# सीए नीरज अग्रवाल की पहल पर विद्यार्थियों को मिला छावा फिल्म देखने का अवसर

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



पूरे देश में वर्तमान में मल्टीप्लेक्स में लोगों के बीच अपनी अलग पहचान बना चुकी फिल्म छावा का प्रदर्शन शक्ति शहर के स्टेशन रोड स्थित मेट्रो सिनेमा में चल रहा है, तथा शक्ति शहर के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पूर्व छात्र एवं प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट नीरज अग्रवाल ने भी विद्यालय के प्रति अपनी आत्मीयता प्रदर्शित करते हुए विद्यालय के कक्षा 12वीं तक के बच्चों को 1 मार्च को मल्टीप्लेक्स में अपनी ओर से सिनेमा दिखाया, इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारी-सदस्य सहित विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाएं भी मौजूद रहे तथा सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने जहां उत्साह के साथ इस फिल्म को देखा तो वही इस फिल्म में मराठा शासको एवम संभाजी महाराज ने औरंगजेब मुगल सम्राट के खिलाफ किस तरह से पूरा युद्ध लड़ा एवं इतिहास की सत्य घटनाओं पर आधारित यह फिल्म छावा को विद्यालय के बच्चों ने देखा तथा इस फिल्म में जहां मुगल शासको की बर्बरता एवं क्रुरता को भी बताया गया है, तथा संभाजी महाराज ने जिस कुशल तरीके से मुगल सम्राटों का सामना करते हुए उन्हें चने चबवा दिए थे तथा संभाजी महाराज का लोहा पूरी दुनिया मानती है। वहीं इस संबंध में शक्ति के चार्टर्ड अकाउंटेंट नीरज अग्रवाल ने भी कहा कि वे सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से पढ़कर निकले हैं तथा उन्हें इस बात का गौरव है कि उन्हें अच्छे संस्कार मिले हैं जिससे आज वे जीवन के इस मुकाम पर पहुंचे हैं एवं वे सदैव यही चाहते हैं कि इस विद्यालय के बच्चों को भी हमारी पुरानी इतिहास की जानकारी हो तथा उन्हें बेहद प्रसन्नता है कि विद्यालय प्रबंधन ने उनके इस आग्रह को स्वीकार कर बच्चों को मल्टीप्लेक्स में छावा मूवी दिखलाई, वही इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल, व्यवस्थापक मांगेराम अग्रवाल, विद्यालय के प्राचार्य पुरन गिरी गोस्वामी, प्रधानाचार्य बलदाऊ प्रसाद साहू सहित काफी संख्या में विद्यालय परिवार के लोग मौजूद रहे।

# विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल के विद्यार्थियों ने बढ़ाया नगर का गौरव





पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

नगर के विद्यालय विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर स्वामी आत्मानन्द विद्यालय चिरमिरी में आयोजित प्रतियोगिता में अपना उत्कृष्ठ प्रदर्शन देकर प्रतियोगिता के सभी फार्मेट में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय व नगर का गौरव बढ़ाया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानन्द विद्यालय चिरमिरी में विज्ञान पर आधारित पोस्टर एक्सप्लेनेशन, प्रश्नोत्तरी व मॉडल प्रदर्शन की प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें नगर के विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल मे विद्यार्थियों ने भी हिस्सा लिया। प्रतियोगिता आयोजन से पहले स्वामी आत्मानन्द विद्यालय चिरमिरी के प्राचार्य डीके उपाध्याय व उपस्थित विशेषज्ञ शिक्षकों के द्वारा विद्यार्थियों को विज्ञान के महत्व व उनकी उपलब्धियों के बारे में बताया गया इसके साथ-साथ विज्ञान का आधुनिक युग में होने वाले उपयोग की जानकारी भी प्रदान किया गया। इसके पश्चात विज्ञान पर आधारित प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता में जिला एमसीबी के अधिकतम विद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत पोस्टर एक्सप्लेनेशन प्रतियोगिता में विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल मनेन्द्रगढ़ के कक्षा 11वीं के सामर्थ वर्मा ने प्रथम, विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं के ही शिप्रा तिवारी व वर्तिका वर्मा ने द्वितीय व मॉडल प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं के ही चिराग सोनी व अनिकेत सोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संस्था प्राचार्य इन्द्रा सेंगर ने सभी विद्यार्थियों व मार्गदर्शक शिक्षकों को शुभकामनाएँ एवं बधाई दी और इसी प्रकार जीवन के हर प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करने की प्रार्थना की। विद्यार्थियों ने संस्था सचिव संजय सेंगर के निर्देशन व शिक्षिका नेहा सिंह व शिक्षक निशान्त मौर्य के मार्गदर्शन में इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

## तहसीलदार की उदासीनता के चलते नहीं लग पा रहा बेजा कब्जा धारियों पर कोई लगाम

# बेजा कब्जा धारियों को नहीं प्रशासन का डर, स्टे के बाद भी खुले आम कर रहे निर्माण कार्य

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com




जिले के बम्हनीडीह तहसील क्षेत्र के ग्राम बिर्रा के शासकीय महाविद्यालय के बगल की नहर से लगी बिर्रा सिलादेही के रोड के शासकीय भुमि पर अवैध कब्जा किया जा रहा है वहीं राजस्व विभाग और जल संसाधन विभाग की शासकीय भूमि अपनी भुमि पर हो रहे अतिक्रमण पर रोक लगाने कोई रुचि नहीं दिखा रहा है जिसके चलते बिर्रा के वार्ड क्रमांक 7 और 8 मे बेजा कब्जा धारियों की बाढ सी आ गई है जिस पर रोक लगाने संबंधित विभाग के साथ राजस्व विभाग भी कोई रुचि नहीं दिखा रही है वहीं इन बेजा कब्जा धारियों को पंचायत से भी पुरा संरक्षण प्राप्त होने की बात सामने आ रही है। तत्कालीन सरपंच सचिव ने भी बेजा कब्जा धारियों के खिलाफ पंचायत से भी कोई कार्रवाई नहीं की है वहीं लोगों के सिकायत के बाद शासन द्वारा कुछ लोगों के मकान निर्माण में स्टे आर्डर जारी कर औपचारिकता निभाई गई है पर बेजा कब्जा धारियों द्वारा धड़ल्ले से मकान निर्माण का कार्य चालू है और संबंधित हल्का पटवारी आंख मूंदे बैठे है जबकि पटवारी का वाहा से रोज का गुजरना होता है। पटवारी द्वारा भी अपने उच्च अधिकारियों को इस बात की जानकारी नहीं देना पटवारी और बेजा कब्जा धारियों के बीच दामन चोली का साथ होने की बात भी बिर्रा में खुब चल रही है वहीं इस संबंध में बम्हनीडीह तहसीलदार उमाकांत जायसवाल को फोन किया गया इस संबंध में चर्चा करने के लिए फोन परन्तु उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।

**राजस्व अधिकारियो की निष्क्रियता के चलते बढ रहा बेजा कब्जा** -ग्राम पंचायत बिर्रा के शासकीय भुमि मे तेजी से बेजा कब्जा बढता जा रहा है लोगो की माने तो आने वाले समय मे यहां शासकीय भवन बनाने के लिये एक भी भूमि नही बचेगी जिसके कारण किसी तरह का शासकीय भवन का निर्माण कार्य नही हो सकेगा वही लोगो का यह तक कहना है की पटवारी और तहसीलदार निष्क्रियता के चलते बिर्रा की शासकीय भुमि मे बेजा कब्जा करने होड लगी है लोगो ने तो राज्य मार्ग सड़क व खेल मैदान तक की भुमि पर बेजा कब्जा कर मकान व खेत बना कर रखा है वही इन सब की जानकारी होने के बाद भी सिर्फ स्टे ऑर्डर जारी कर औपचारिकता निभा रहे हैं जिसके चलते बिर्रा की शासकीय भूमि पर बेजा कब्जा तेजी से बढ़ रहा है।

# राधा कृष्ण मंदिर में 10 मार्च को ग्यारस फागुन महोत्सव का होगा आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com




शहर के राधा कृष्ण मंदिर में आगामी 10 मार्च को ग्यारस फागुन महोत्सव का भव्य आयोजन श्याम परिवार शक्ति एवं राधा कृष्ण मंदिर सेवा समिति शक्ति ने संयुक्त रूप से किया है, उपरोक्त जानकारी देते हुए आयोजक संस्था के सदस्यों ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी ग्यारस फागुन महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है, तथा 10 मार्च 2025 को भव्य निशान यात्रा राम मंदिर शक्ति से निकल जाएगी जिसमें श्याम प्रेमियों के लिए निशान निशुल्क होंगा एवम 1 प्रेमी 1 निशान दिया जायेगा,अतिरिक्त निशान शुल्क 100/- होंगा,यह निशान यात्रा सुबह 09 वजे राम मन्दिर से राधाकृष्ण मन्दिर तक निकाली जाएगी, राधाकृष्ण मन्दिर से घर वापसी की निशुल्क वाहन व्यवस्था आयोजक संस्था की ओर से सभी श्याम प्रेमियों के लिए की गई है, आयोजक संस्था के सदस्यों ने बताया कि 09 मार्च को श्याम नाम की मेहन्दी शाम 4.30 बजे से नृत्य नाटिका के साथ होंगी, पावन ज्योत एवं मजनारंभ कार्यक्रम 10 मार्च 2025 रात्रि 7 बजे से राधाकृष्ण मन्दिर सक्ती में होंगा।

# सेंट्रल एक्साइज चेन्नई ने केरला युनाइटेड फुटबॉल क्लब को पराजित कर फाइनल मैच पर कब्जा किया





पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

सामाजिक निगमित उत्तरदायित्व लौह अयस्क खदान समूह भिलाई इस्पात संयंत्र (सी.एस.आर.) के तत्वाधान में आयोजित अखिल भारतीय स्वर्ण का फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 के फाइनल मुकाबले में सेंट्रल एक्साइज चेन्नई ने केरला युनाइटेड फुटबॉल क्लब को पेनल्टी शूटआउट में तीन के मुकाबले चार गोल से पराजित कर प्रतियोगिता के फाइनल मैच पर कब्जा किया। मध्यांतर तक दोनों ही टीम 0-0 के बराबरी पर रहे दूसरे हाफ के खेल पश्चात निर्धारित समय 90 मिनट के खेल तक दोनों ही टीम के बीच हार जीत का फैसला नहीं होने पर आयोजन समिति एवं मैच कमिश्नर के द्वारा ट्राई बेकार से निर्णय एवं मैच का कमिश्नर द्वारा पेनल्टी शूटआउट से फैसला करने का निर्णय लिया गया, जहां सेंट्रल एक्साइज चेन्नई ने केरल यूनाइटेड फुटबॉल क्लब को करारी शिकस्त देते हुए तीन के मुकाबले चार गोल से पराजित कर स्वर्णकप के फाइनल मैच का विजेता बना। राजहरा माइंस के बीएसपी फुटबॉल स्टेडियम में खेले गए 28 फरवरी के ग्रैंड फाइनल मैच में दोनों ही टीमों को निर्धारित समय तक फैसला नहीं होने से पांच-पांच पेनल्टी शूट आउट दिए गए, जिनमें से सेंट्रल एक्साइज चेन्नई की टीम ने पांच में से चार पेनाल्टी शूटआउट को गोल में तब्दील किया। वहीं यूनाइटेड केरल की टीम पांच पेनाल्टी शूटआउट में से केवल तीन को ही गोल में तब्दील कर पाया और दो पेनाल्टी शूटआउट को केरला के खिलाड़ियों ने गोल पोस्ट से बाहर कर दिया। इस तरह पेनाल्टी शूटआउट मुकाबले में चेन्नई ने केरल को तीन (03)के मुकाबले चार( 04)गोल से पराजित किया। विदित हो कि ऑल इंडिया गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 के अंतर्गत समूचे भारतवर्ष से लगभग 8 बड़ी टीमों ने शिरकत किया था। इनमें कश्मीर, रब्बानी क्लब नागपुर, कोलकाता, वेस्टर्न सेंट्रल रेलवे जबलपुर, यूनियन बैंक मुंबई, सेंट्रल एक्साइज चेन्नई एवं केरला यूनाइटेड एंव राजहरा फुटबॉल क्लब की टीम शामिल थी। इन टीमों को पूल ए और पूल बी अंतर्गत तीन-तीन लीग मैच खेलने का अवसर दिया गया। इनमें से तीन-तीन लीग मैच खेलकर जो टीम अपने पूल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाए उन दो-दो टीमों को सेमीफाइनल में स्थान प्राप्त हुआ। पूल ए से सेंट्रल एक्साइज चेन्नई एवं यूनाइटेड केरला पुल बी से राजहरा माइंस फुटबॉल क्लब एवं यूनियन बैंक मुंबई सेमीफाइनल में पहुंचे, जहां पहले सेमीफाइनल मैच में चेन्नई ने यूनियन बैंक मुंबई को दो के मुकाबले तीन गोल से तो वही दूसरे सेमीफाइनल मैच में यूनाइटेड केरला ने राजहरा माइंस फुटबॉल क्लब को शुन्य के मुकाबले दो गोल से पराजित कर फाइनल में स्थान बनाया। स्वर्ण का प्रतियोगिता के फाइनल मैच एवं समापन दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विपिन कुमार गिरी कार्यपालक निदेशक खदान रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर.बी. गहरवार मुख्य महाप्रबंधक खदान रहे, एवं विशिष्ट तिथि के रूप में उत्पल दत्त मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाएं एवं सी.एस.आर. श्रीकांत मुख्य महाप्रबंधक फ्लेक्स, जयप्रकाश जी.एम. प्रभारी राजहरा खदान, कैलाश मल्होत्रा जी.एम. खदान मुख्यालय, विपिन कुमार जी.एम. मेंटेनेंस एवं अनुरक्षण तनवीर अहमद डिप्टी कमांडेंट सीआईएसफ, रेखा गहरवार महिला समाज अध्यक्ष दल्ली राजहरा एवं माधुरी श्रीकांत विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। समापन समारोह के मंचस्थ अतिथियों का राजहरा फुटबॉल क्लब की ओर से पुष्प अभिनंदन एवं बैच लगाकर स्वागत किया गया जहां राजेंद्र बेहरा अध्यक्ष राजहरा फुटबॉल क्लब, त्रिनाथ नायडू सचिव, नितीश क्षत्रिय संगठन सचिव, मुकुल वर्मा उपाध्यक्ष, गौतम बेरा संगठन सचिव, कमलाकर सिंह कार्यकारिणी सदस्य एवं नंदिनी बेहरा के द्वारा समस्त अतिथियों का हार्दिक स्वागत सत्कार एवं सम्मान किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विपिन कुमार गिरि ने कहा कि दल्लीराजहरा में फुटबॉल का काफी अच्छा क्रेज है। यह प्रतियोगिता काफी लंबे समय से आयोजित हो रही है, भविष्य में इस प्रतियोगिता को निरंतर जारी रखा जाएगा। जो भी सहयोग है प्रबंधन की ओर से वह किया जाएगा। इसके अलावा खिलाड़ियों को मार्गदर्शन एवं प्लेटफार्म देने के लिए बीएसपी के द्वारा समय-समय पर कैंप या शिविर भी लगाया जाता रहा है। जहां से अच्छे खिलाड़ी चुनकर आए और समाज और राष्ट्र का निर्माण करें साथ ही अपने व्यक्तिगत विकास शारीरिक विकास कर राष्ट्र निर्माण में सहभागी बने हम सभी खिलाड़ियों से है आग्रह करते हैं कि आज के युवाओं को नशा से दूर रखने एवं अपने स्वास्थ्य के प्रति विशेष ध्यान देने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जाए, जिससे देश की युवा पीढ़ी अपने युवक यौवन काल में मार्ग से विमुख ना हो। व्यक्ति जब खुद सुधरेगा तो देश और समाज अपने आप सशक्त एवं मजबूत बनेगा। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समूचे राजहरा वासियों एवं आयोजन समिति को बहुत-बहुत बधाई दी।

# तहसील साहू संघ के तत्वावधान में 26 मार्च को आदर्श विवाह का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

तहसील साहू संघ के तत्वावधान में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 मार्च को मां कर्मा महोत्सव एवं निःशुल्क आदर्श विवाह का आयोजन मां कर्मा मंदिर प्रांगण गांधी चौक में आयोजित किया गया है। तहसील साहू संघ अध्यक्ष युवराज साहू ने बताया, 25 मार्च को मां कर्मा जयंती में सुबह 10 बजे भगवान् श्री सत्यनारायण की पूजा होगी। शाम को 4 बजे साहू समाज के महिला एवं पुरुषों के द्वारा कलश शोभा यात्रा नगर भ्रमण करके वापस मां कर्मा मदिर आयेगी। 26 मार्च को निःशुल्क आदर्श विवाह होगा। आदर्श विवाह में सर्व समाज के स्वजातीय वर-वधु शामिल हो सकते हैं, 26 मार्च को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। 12.30 बजे बाजे गाजे के साथ बारातियों का स्वागत होगा, 1 बजे शादी की रस्म होगी, 2 बजे अतिथि आगमन होगा। स्वागत एवं अतिथियों का सामाजिक विचार होगा। 12 बजे से शाम 5 बजे तक सबके लिए भोजन की व्यवस्था रहेगी। विवाह के लिए वर की उम्र 21 वर्ष एवं वधू की उम्र 18 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है। बैठक में तहसील साहू संघ के समस्त पदाधिकारियों, समस्त परिक्षेत्र के अध्यक्षगण, महिला प्रकोष्ठ के समस्त पदाधिकारियों, न्याय प्रकोष्ठ के समस्त पदाधिकारियों, युवा प्रकोष्ठ के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्य सड़क बना दुर्घटनाओं का केंद्र ट्रक ने एक अधेड़ को कुचला, मौत

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

दल्लीराजहरा की मुख्य सड़क दुर्घटनाओं का केंद्र बन गई है। शुक्रवार सुबह, मुख्य मार्ग फौव्वारा चौक बस स्टैंड के पास ट्रक ने एक अधेड़ को कुचल दिया। कुछ देर बाद अधेड़ की मौत हो गई। शहर के भागोलीपारा निवासी 53 वर्षीय कालीराम को ट्रक ने बुरी तरह कुचल दिया। उसे तुरंत सरकारी अस्पाल चिखलाकसा ले जाया गया। वहां से जिला अस्पताल राजनादंगांव रेफर किया गया। लेकिन बीच रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। ज्ञात रहे कि दल्लीराजहरा नगर इन दिनों लगातार सडक दुर्घटनाएं हो रही हैं। लोगों का कहना है कि यह सड़क हादसों का केंद्र बन गई है। इस सड़क पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। हादसे किसी वाहन चालकों की लापरवाही से नही बल्कि सड़क के कारण हो रहे हैं। बाईपास रोड न होने व सड़क संकरी होने के कारण हादसे हो रहे हैं। इसे लेकर दल्लीराजहरा में कई बार लोगों द्वारा चक्काजाम व हडताल किया जा चुका है। लेकिन, जिला प्रशासन एवं प्रदेश सरकार द्वारा इस और कोई सकारात्मक प्रयास नहीं किया जा रहा है। मुख्य सड़क में अतिक्रमण बढ़ने की वजह से 48 फीट की सड़क संकरी होती जा रही है फिर इस सड़क पर भारी वाहनों का आना जाना लगा रहता है, इसके बावजूद भी प्रशासन द्वारा बाईपास सड़क बनाने के लिए कारगर कदम नहीं उठाए जा रहे हैं और ना ही सकारात्मक जवाब दिया जाता है। महीने में कई लोगों की जाने जा रही है। सडक दुर्घटनाओ को लेकर लोगो में अक्सर विवाद भी होते रहता है। इतना सब होने के बावजूद भी क्षेत्रीय विधायक का ध्यान ईश्वर जरा सा भी नहीं जा रहा है जबकि उन्हें कई बार इस संबंध में स्मरण दिलाया जा चुका है। यदि बाईपास सड़क निर्माण में किसी प्रकार की बाधा आ रही है तो उसे प्राथमिकता के साथ दूर करने के लिए प्रशासन को निर्देश दें तथा यथाशीघ्र बाईपास सड़क का निर्माण करने का मार्ग प्रशस्त करें लेकिन क्षेत्रीय विधायक द्वारा गंभीरता का प्रदर्शन नहीं किया जा रहा है। उनके विधायक बनने का यह तीसरा कार्यकाल चल रहा है लेकिन क्षेत्रीय विधायक द्वारा कितने साल बाद भी कोई उपलब्धि भरा काम नहीं कर पाई है। यह काफी चर्चा का विषय बना हुआ है।

# अक्षर फाउंडेशन द्वारा जरूरतमंद बच्चों को बांटी गई पाठ्य सामग्री

## संस्कार की दिशा में बढ़ने किया गया प्रेरित





पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय विहंगम योग संत समाज के अक्षर फाउंडेशन ने समाज के जरूरतमंद बच्चों के बीच गुरुवार को ग्राम घुघसीडीह एल कांशीडीह में पाठ्य सामग्री और अन्य उपहार वितरित किया गया। इस भवसर पर अक्षर फाउंडेशन की स्वयं सेविकाओं और विहंगम योग संस्थान की महिला कार्यकर्ताओं ने बच्चों को शिक्षा एवं संस्कार की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अक्षर फाउंडेशन की सदस्यों ने बताया की कि मातृशक्ति के द्वारा केवल अपने परिवार बल्कि समाज के बच्चों को सही दिशा समुचित शिक्षा और संस्कार देना भी महत्वपूर्ण है। इस पहल के तहत लगभग 90 बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई जिससे उनके भविष्य में बेहतर अवसर मिलने की संभावना बने। अक्षर फाउंडेशन द्वारा यह कार्यक्रम हर साल देशभर में आयोजित किया जाता है। जिसमें हजारों बच्चों को मुक्त शिक्षा सामग्री दी जाती है। विहंगम योग संस्थान विगत सौ वर्षो से मानव मात्र के कल्याण के कार्यो में लगा है। यह आयोजन भी इसका एक हिस्सा है। संस्थान के विभिन्न आभमों में निःशुल्क गुरुकुल एवं आवासीय विद्यालय संचालित किये जा रहे है जहाँ बच्चों को शिक्षा एवं संस्कार प्रदान किया जाता हैं। इस अवसर पर संभागीय संयोजक पुरूषोत्तम सपहा, जिला सहसंयोजक शिवकुमार साहू, सीमा साहू, पुष्पा सपहा, सरपंच ललिता बारले, पूर्व सरपंच गोवर्धन बारले, प्राथमिक शाला घुघसीडीह की प्रधान पाठक बी संध्या, राजेश बंजारे, ललिता देशमुख, मोहिनी निर्मलकर, प्राथमिक शाला कांशीडीह में पूर्व सरपंच फत्तेलाल वर्मा, उपेश कामड़े, सरस्वती भारती, कविता भारती, तिजन भारती, गायत्री यादव, गीता भारती, शिव भारती आदि मौजूद थे।

# दुर्ग में 9 मार्च को शिकसा महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com

शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में राज्य स्तरीय पारिवारिक वार्षिक सम्मेलन का भव्य आयोजन शिकसा महोत्सव 2025 के रूप में संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन में 09 मार्च 2025 को भारती विश्वविद्यालय पुलगांव दुर्ग में प्रातः 10:00 बजे से आयोजित किया गया है। संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन ने बताया कि इस कार्यक्रम में साहित्य संकलन मै शिक्षक हूँ व वार्षिक कैलेन्डर का विमोचन किया जायेगा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, द्वार सजाओ रंगोली प्रतियोगिता व अन्य पुरस्कार वितरित व सम्मान समारोह का आयोजन होगा। शिकसा महोत्सव प्रातांध्यक्ष कौशलेन्द्र पटेल, महासचिव डॉ.बोधीराम साहू, कोषाध्यक्ष जगन्नाथ प्रसाद देवांगन, संगठन मंत्री राधेश्याम कंवर, संयुक्त सचिव पुष्पांजलि ठाकुर, मीडिया प्रभारी गोपाल ध्रुव, सहसचिव उषा भटट, प्रातांध्यक्ष म.प्रकोष्ठ नीता त्रिपाठी महासचिव संध्या पाठक, जिलाध्यक्ष दुर्ग होरीलाल चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष जांजगीर विजय कुमार प्रधान, दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता, हेमा चन्द्रवंशी, शशिकला पाण्डेय आदि ने सफ्ल बनाने जोर शोर से लगे हुए है। संयोजक आस ने बताया कि कार्यक्रम में साहित्य संकलन मैं शिक्षक हूँ में सहयोग के शिकसा साहित्य सम्मान से शशिकला पाण्डेय, जगन्नाथ प्रसाद देवांगन, अमृत लाल साहू, अनुरमा शुक्ला, संतोषी डनसेना, रूपाली पैकरा, रामकुमार पटेल, यशोदा राजपूत, रेखा राय, हेमा चन्द्रवंशी, रूक्मणि साहू,



मंजूलता मेरसा, टीकाराम सारथी हसमुख, चन्द्रकला शर्मा, विन्ध्यवासिनी पाण्डेय, टी.आर. जनार्दन, ज्योति गजपाल, सरोज कुमार बंजारे, रीता राज सिदार, सरस्वती राघव, संगीता लूथर, मनोहर लाल यादव, हरमन लाल बघेल प्रकाश चन्द्र चेलक, ईश्वरी देवांगन, राजीव लोचन कश्यप, पुष्पाजंलि ठाकुर, दुर्गा पाठक, हेमराज निषाद, शिवकुमार अंगारे, रामलाल कोसले, वीणा खमारी, ममता साहू, कुसुम जैन, हरनारायण साहू, श्रद्धा शर्मा, नीता त्रिपाठी, डॉ.ज्योति किरण चन्द्राकर, जनक सिन्हा, गयाराम ध्रुव, संयोगिता रात्रे, ओ.पी.कौशिक, ममता गुरूपंच, गायत्री चन्द्रवंशी, ऋतु सिन्हा, ऋतंभरा कश्यप, विक्रम टंडन, प्रीतिचंद्र मल्लिका, देवकुमार बिरको, सारिका बनसोड़े सोनी, लखेश्वर प्रसाद रात्रे, संध्या पाठक, सरोजनी साहू, दुष्यंत कुमार वर्मा, आरती ठाकुर, तोरण सिंह वर्मा, मधु कारकेल, तारा बंछोर, घनश्याम साहू, अश्वनी उइके, परमेश्वरी, श्रीकांत भारद्वाज, हिमोनी बघेल, प्रियंका सिन्हा, सुधा उपाध्याय, अनामिका चक्रवर्ती, हर्षा देवांगन, मोहित कुमार शर्मा, अर्पण देव त्रिपाठी सम्मानित होगे। शिकसा श्री सम्मान से जगन्नाथ देवांगन, किरण शर्मा, डॉ. सुनील कुमार यादव, विजय लक्ष्मी राव, उत्तम कुमार साहू, अशोक कुमार साहू, शशि शर्मा, सावित्री प्रजापति, फरीदा अख्तर, नीता त्रिपाठी, प्रीतिचंद्र मल्लिका, प्रिया सिंह, संगीता शोरी, शिवकुमार निर्मलकर, सती मरकाम, सुगंध सिंह, प्रियंका बाजपेयी, सुचिता निषाद, देवकुमार बिरको, तारा बन्छोर, संयोगिता रात्रे, भुनेश्वरी धामड़े, श्यामलाल कोर्राम, हेमराज निषाद, नैना साहनी, तोरण सिंह वर्मा, गोर्वधन सिंह, ईनु राम वर्मा, रेखा राय, राधेश्याम कवंर, रघुनंदन पटेल, दुष्यंत कुमार वर्मा, प्रेमीन ध्रुव, पुष्पांजलि ठाकुर, चन्द्रिका सिंह, राम नारायण प्रधान, रेखा पात्रे, हरि प्रसाद कुर्रे, आरती यादव, सुखमती चौहान, चन्द्र कुमार चंद्रा, दुर्गा पाठक जोशी, दुर्गा यादव, आरती ठाकुर, चुरावन लाल तरूण, वाकेश्वरी साहू, नीरा प्रधान, उषा भट्ट, सुनीता जर्नादन, वही शिकसा ज्ञानदीप सम्मान से चन्द्रकला शर्मा, गयाराम ध्रुव, ईश्वरी देवांगन, घनश्याम साहू, हरमन कुमार बघेल, अरूण कुमार देवांगन, खिरमोतिन सिन्हा, राजीव लोचन कश्यप, हपका मुक्ता, विजय कुमार प्रधान, ओ.पी. कौशिक, ममता गुरूपंच, यशोदा राजपूत, मनोज प्रधान, शकुतंला बंजारे, वाई. वरलक्ष्मी, प्रकाश चन्द्र चेलक, टीकाराम सारथी शिकसा दूत सम्मान 2024 से अनामिका चक्रवर्ती, शशिकला पाण्डेय, विन्ध्यवासिनी पाण्डेय, हेमा चन्द्रवंशी, संतोषी डडसेना, टेकराम जर्नादन, वीणा खमारी, नरेश कुमार गुप्ता, मदनलाल तोमर, जगेश्वर प्रसाद गहीर, कृष्ण कुमार नेताम, जितेश्वरी, लीलेश कुमार राजेश, सुभाषिनी भगत, संध्या पाठक, रथराम खड़िया, जयलाल पैकरा, भावना राजपूत, ज्योति गजपाल, रीता राज सिदार, अनीता साहू, रामलाल कोसले, श्रीकांत भारद्वाज,सरस्वती राघव, ओमप्रकाश डडसेना, लक्ष्मण कुमार पटेल, पूनम नेताम, हरिराम साव, रहेमतुल्ला खान, रेखा शर्मा, कविता नेताम, डॉ.बेदलाल साहू, डॉ.उत्तम कुमार साहू, सोहित कुमार पटेल, संजय कुमार साहू, निशा गुप्ता चौधरी, सविता देवांगन, अनुरमा शुक्ला, डॉ.नारायण साहू, लक्ष्मीनारायण क्षत्री, मधु कारकेल, हरनारायण साहू, सलीफ लहरे, रामकुमार पटेल, ज्योति खरे, ऋतु सिन्हा विक्रम कुमार टंडन, लखेश्वर प्रसाद रात्रे, अर्चना टंडन, खेमराज पटेल, धनेश कुमार पटेल सम्मानित होगें।

# हरिहारणो को मैजिक बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड अवार्ड




पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर के लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार, रंग कर्मी, मंच संचालक डॉ.गजेन्द्र हरिहारनो को श्री मौन तीर्थ विद्या पीठ उज्जैन में आयोजित बिलासा छंद महालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में वर्णावली छंद ग्रंथ के सृजन में सहभागिता प्रदान करने हेतु द मैजिक बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया है। उल्लेखनीय है कि हरिहारणो को तीन बार वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है। इस उपलब्धि के लिए सभी साहित्यकारों, परिजनों, ईष्ट मित्रों एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

# एसएसपी बेमेतरा रामकृष्ण साहू रात में पहुंचे पुलिस चौकी खण्डसरा

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू रात्रि में पुलिस चौकी खण्डसरा पहुंचे। जहां उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों को रात में पेट्रोलिंग/गस्त करने, रात्रि में किसी प्रकार की घटना घटित होने पर तत्काल रिस्पांस देने, चोरी जैसी कोई घटना न हो इस लिए सर्तकता से सचेत होकर गस्त करने, किसी भी ढाबा/होटलो में अवैध शराब की बिक्री एवं पीलाने की सुविधा नही होना चाहिए, इसलिए लगातार रात्रि में ढाबा/होटलो में चेकिंग कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही लंबित अपराधो, मर्ग, गुम, शिकायत और लंबित वारंटो की निकाल करने एवं असमाजिक तत्वो के विरूद्ध अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक एवं बाउंड ओवर की कार्यवाही करने व सभी अधिकारियो व जवानो को आमजन/ महिला आगंतुक / रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरता पुर्वक लेते हुये तत्काल उचित कार्यवाही करने तथा अवैध कारोबारियो, अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यो में लिप्त लोगो के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करने, मजबूत सूचना तंत्र विकसित कर बेहतर पुलिसिंग करने, चौकी की साफ सफाई हेतु विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया गया। उपस्थित अधिकारी/ कर्मचारियों का मनोबल बढाये जाने के साथ कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया गया। चोरियो एवं अपराधो पर अंकुश लगाने हेतु रात्रि में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त सुदृढ करने, गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त के दौरान हाटल, लाज, ढाबा, एटीएम, बैक, बस स्टैण्ड, प्रतिक्षालय एवं संदिग्ध व्यक्तियो कि चेकिंग करने, अधिकारियों व जवानों को रात में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त कर गली-मोहल्लों एवं चप्पे-चप्पे पर अपनी पैनी नजर रखने, साथ ही आसपास के ग्रामीण इलाकों में गस्त को बढ़ाने व लगातार रात में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त करने व ऑपरेशन ईगल अभियान चलाकर लंबित स्थाई वारंट एवं गिरफ़्तारी वारंट तामिल करने दिए गए दिशा निर्देश। तथा शाम को चौक-चौराहों में विजिबल पुलिसिंग करने और रात्रि गस्त के दौरान संदिग्ध वाहनो की चेकिंग कार्यवाही करने तथा वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त पत्रों का सही समय में निकाल करने एवं वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त दिशा निर्देशों का पालन करने, ई-साक्ष्य का उपयोग करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गये तथा दुष्कर्म के प्रकरणों में प्रथम सूचना पत्र दर्ज करने के दिनांक से दो माह के भीतर विवेचना कार्यवाही पूर्ण करने दिशा-निर्देश दिये गये। महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराधों को एक अभियान चलाकर यथा शीघ्र निराकरण करने एवं गुम बालक/बालिकाओं को आपरेशन मुस्कान अभियान चलाकर दस्तयाब कर बरामद करने हेतु निर्देशित किया गया।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

क्रमांक/1551/लो.नि.व./2024-25 कवर्धा, दिनांक 27/02/2025

**// मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निर्माताओं अधिकृत विक्रेताओं/फर्म/ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र. | कार्य विवरण | अनु.लागत राशि (लाख में) | नि.प्र. प्रदाय करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | निर्माण सामाग्रियां प्रदाय, डेट सामाग्री किराये पर उपलब्ध कराने, भवनों/उद्यानों में विद्युत व्यवस्था मरम्मत एवं संधारण, पेयजल व्यवस्था अंतर्गत मरम्मत संधारण, सबमर्सिबल एवं अन्य मोटर पम्प नया एवं मरम्मत, फिल्टर प्लांट हेतु क्लोरिन गैस सलेण्डर, चूना एवं सफाई दवाई सामग्री तथा चूना आपूर्ति हेतु सामाग्री क्रय। **(कुल 09 कार्य)** | 107.00 | 12.03.2025 |

2. उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कवर्धा**

# छत्तीसगढ़ नव उद्यमियों के लिए अपार संभावनाएं : मुख्यमंत्री साय

## फार्मा, रियल एस्टेट और आईटी क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास और नव उद्यमिता के लिए अपार संभावनाओं से भरा राज्य है। यह राज्य वन, खनिज और ऊर्जा संसाधनों से समृद्ध है और बिजली उत्पादन में सरप्लस राज्यों में शामिल है। इन संसाधनों के चलते यहाँ उद्योगों की स्थापना के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध है। सरकार निवेशकों और नव उद्यमियों को हरसंभव सहयोग प्रदान कर रही है, ताकि प्रदेश में आर्थिक विकास और रोजगार के नए अवसरों को प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने राजधानी स्थित अपने निवास कार्यालय में फार्मा, रियल एस्टेट और आईटी क्षेत्र के प्रतिनिधियों से चर्चा के दौरान यह बात कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, सचिव डॉ. बसवराजू एस., पी. दयानंद, राहुल भगत, उद्योग सचिव रजत कुमार और प्रबंध संचालक विश्वेष झा उपस्थित थे।



### नई औद्योगिक नीति 2024-30 से उद्योग स्थापना होगी आसान

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 लागू की गई है, जिससे निवेशकों के लिए उद्योग स्थापित करना पहले से अधिक सरल और सुविधाजनक हो गया है। इसके तहत ऑनलाइन आवेदन और त्वरित प्रोसेसिंग की व्यवस्था की गई है, जिससे निवेश प्रक्रिया पारदर्शी और तेज़ बनी है। इसके अतिरिक्त, 'सिंगल विंडो 2.0' प्रणाली लागू की गई है, जिससे सभी आवश्यक स्वीकृतियाँ आसानी से मिल रही हैं और निवेशकों को किसी तरह की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ रहा है।

### नए औद्योगिक पार्क से निवेश को मिलेगा बढ़ावा

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार नए औद्योगिक पार्कों की स्थापना कर रही है, जिससे उद्योगपतियों को आवश्यक बुनियादी ढाँचा और संसाधन उपलब्ध होंगे। इससे नव उद्यमियों को भी सशक्त वातावरण मिलेगा, जिससे वे अपनी व्यावसायिक यात्रा को मजबूती से आगे बढ़ा सकें। इस पहल से न केवल औद्योगिक इकाइयों की संख्या बढ़ेगी, बल्कि प्रदेश में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

### छत्तीसगढ़ में रिकॉर्ड निवेश प्रस्ताव, पहली बार सेमीकंडक्टर और एआई सेक्टर को बढ़ावा

मुख्यमंत्री साय ने बताया कि नई औद्योगिक नीति लागू होने के बाद अब तक छत्तीसगढ़ को 1.23 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। प्रदेश में एआई, आईटी, डाटा सेंटर, फार्मास्युटिकल, रियल एस्टेट और रोबोटिक्स जैसे सेक्टरों को विशेष प्रोत्साहन दिया गया है। इसके परिणामस्वरूप, छत्तीसगढ़ में पहली बार सेमीकंडक्टर, डाटा सेंटर और एआई आधारित उद्योगों की स्थापना के लिए निवेश प्रस्ताव मिले हैं, जो प्रदेश के औद्योगिक विकास में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होंगे।

### औद्योगिक निवेश को लेकर सकारात्मक संवाद

मुख्यमंत्री साय ने बैठक के दौरान उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि छत्तीसगढ़ सरकार उद्यमियों को हरसंभव सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की औद्योगिक नीति स्पष्ट, पारदर्शी और निवेशक-अनुकूल हैं, जिससे देश-विदेश के उद्योगपतियों को छत्तीसगढ़ में व्यापार स्थापित करने के लिए आवश्यक सुविधाएं दी जा रही हैं। मुख्यमंत्री साय ने निवेशकों को आमंत्रित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार उनके व्यापार को सफल बनाने में हरसंभव सहयोग देगी। राज्य की नई औद्योगिक पहल प्रदेश को आर्थिक प्रगति और नवाचार के नए दौर में ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर कई प्रतिष्ठित उद्यमियों और निवेशकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें प्रमुख रूप से मैनकाइंड फार्मा से गौरव चौहान, एम्बेसी रीट के सीईओ विकास खडोलिया, यूअरस्टोरी की संस्थापक श्रद्धा शर्मा और मायट्री स्कूल ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप के फाउंडर रोहित कश्यप शामिल थे।

# सौर सुजला योजना बनी किसानों के लिए वरदान : वन क्षेत्र बारनवापारा के 1222 किसानों को सोलर पम्प से मिली सिंचाई सुविधा

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



आजादी के दशकों बाद भी परंपरागत बिजली से वंचित रहे बलौदाबाजार जिले के बारनवापारा क्षेत्र के किसानों के लिए छत्तीसगढ़ शासन की सौर सुजला योजना वरदान साबित हो रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साथ के नेतृत्व में क्रेडा विभाग द्वारा अब तक बारनवापारा क्षेत्र में 1222 किसानों के खेतों में सौर सिंचाई पम्प स्थापित किए गए हैं जिससे अब किसान बिना किसी चिंता के सिंचाई सुविधा का लाभ उठाकर लाभकारी खेती कर रहे हैं। सौर सुजला योजना के तहत बार नावापारा क्षेत्र में 2 हार्स पावर के 03, तीन हार्स पावर के 615 और 5 हार्स पावर के 604 सोलर पम्प स्थापित किए गए हैं। यह योजना उन किसानों के लिए वरदान साबित हुई है जिनके खेतों तक बिजली नहीं पहुंची थी या जिनके पास सिंचाई के अन्य संसाधन नहीं थे। ग्राम डेबी के किसान नित्यानंद बताते हैं कि पहले सिंचाई की सुविधा न होने के कारण उनकी सालाना आमदनी मात्र 25 से 30 हजार रुपये थी। लेकिन सोलर पम्प लगने के बाद अब वे धान के साथ सब्जियां जैसे आलू, टमाटर और बरबटी उगाकर तीन से चार गुना अधिक आय प्राप्त कर रहे हैं। इसी तरह, बंशराम चौहान, बसंत कुमार कैवर्त्य, अमरू राम, धनीराम बिंझवार और गौरी बाई दीवान सहित कई अन्य किसानों की आमदनी में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पहले किसान नदी-नालों से डीजल पम्प के जरिए सिंचाई करते थे, जिससे उनकी आय का बड़ा हिस्सा ईंधन पर खर्च हो जाता था। लेकिन सौर सुजला योजना के तहत मात्र 24,800 रुपये में सोलर पम्प मिलने से अब उनकी यह समस्या समाप्त हो गई है। छत्तीसगढ़ शासन किसानों को बाजार मूल्य से काफी कम कीमत पर सौर पम्प उपलब्ध करा रही है। तीन हार्स पावर के पम्प के लिए अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के किसानों को मात्र 10,000 रुपये, अन्य पिछड़ा वर्ग के किसानों को 15,000 रुपये, सामान्य वर्ग के किसानों को 21,000 रुपये का अंशदान देना होता है, जबकि 5 हार्स पावर के पम्प के लिए अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के किसानों को 15,000 रुपये, अन्य पिछड़ा वर्ग को 20,000 रुपये तथा सामान्य वर्ग के कृषक को 25,000 रुपये का अंशदान देना होता है। बलौदाबाजार जिले में अब तक 5198 सौर पम्प लगाए जा चुके हैं। सौर सुजला योजना का लाभ लेने के लिए कृषि विभाग, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी और क्रेडा विभाग के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। सिंचाई के लिए नदी, नाले, कुएं और नलकूप प्राथमिकता पर चिन्हांकित किए जाते हैं। छत्तीसगढ़ शासन की यह योजना किसानों के लिए कम लागत में सिंचाई की बेहतर और स्थायी व्यवस्था है।

# संत कवि पवन दीवान सम्मान समारोह आज

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सौजन्य से छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति द्वारा संत कवि पवन दीवान श्रद्धांजलि सभा एवं सम्मान समारोह सोमवार को संध्या 6:00 बजे विप्र भवन समता कॉलोनी में आयोजित किया गया है। यह जानकारी देते हुए आयोजन समिति के ज्ञानेश शर्मा एवं नरेंद्र तिवारी ने बताया कि संत कवि पवन दीवान श्रद्धांजलि सभा एवं सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल (सांसद एवं पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन) तथा रविंद्र चौबे (पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन) की अध्यक्षता में संपन्न होगा। सम्मान समारोह में ब्राह्मण समाज के नवनिर्वाचित महापौर एवं पार्षदों का अभिनंदन भी किया जाएगा। यह जानकारी देते छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा एवं विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति के अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी बताया कि संत कवि पवन दीवान के स्मृति में संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से प्रतिवर्ष यह कार्यक्रम विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति द्वारा आयोजित किया जाता है। जिसमें छत्तीसगढ़ के संस्कृति और परंपरा को साहित्य के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने वाले साहित्यकारों का सम्मान किया जाता है।

# यूपीएससी के लिए दिल्ली जाना जरूरी नहीं, अब रायपुर में तैयारी संभव

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com







उड़ान आईएएस एडमिनिस्ट्रेटिव एकेडेमी रायपुर में सिविल सर्विस की तैयारी हेतु सेमिनार का आयोजन हुआ। रजबंधा मैदान स्थित लोकायन भवन में हुए इस कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में दिल्ली के सीनियर फैकल्टी एम.एम. आलम, नदीम खान एवं डॉ. योगेश्वर मिश्रा ने अभ्यर्थियों को संबोधित किया। आलम ने बताया कि सिविल सर्विस की तैयारी के लिए सही गाइडेंस आवश्यक है। यह तैयारी परिश्रम और धैर्य मांगती है। दिल्ली की फैकल्टी खान ने बताया कि यूपीएससी एग्जाम के टॉपर कोई अलग तरह के नहीं होते वे आप जैसे ही सामान्य अभ्यर्थी होते हैं। परीक्षा के प्रति उनकी लगन और मेहनत उन्हें बाकियों से अलग बनाती है। विषय विशेषज्ञ डॉ. योगेश्वर मिश्रा ने बताया कि यूपीएससी में छत्तीसगढ़ के अभ्यर्थी साल दर साल बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। वर्ष 2009 में छत्तीसगढ़ की किरण कौशल ने यूपीएससी में तीसरा रैंक हासिल किया था। यह बताता है कि हिन्दी माध्यम से और छत्तीसगढ़ राज्य की पृष्ठभूमि का अभ्यर्थी भी कठिनतम माने जाने वाली इस परीक्षा में सफलता हासिल कर सकता है। सेमिनार में फैकल्टी टीम के सदस्य निखिल अग्रवाल ने बताया कि उड़ान आईएएस एकेडेमी द्वारा 4 मार्च से यूपीएससी की इवनिंग बैच प्रारंभ की जा रही है। इसमें फाउंडर एवं डायरेक्टर अंकित अग्रवाल के नेतृत्व में रायपुर और दिल्ली के विषय विशेषज्ञों की पूरी टीम अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन करेगी। कार्यक्रम का संचालन उड़ान आईएएस एकेडेमी में प्रधान संपादक खिलेश्वर रक्सेल ने किया। इस अवसर पर संस्थान के हर्षित सर, सौरभकांत साहू, राजेश साहू सहित बड़ी संख्या में अभ्यर्थी एवं पालक उपस्थित थे।

### एकलव्य विद्यालय प्रवेश परीक्षा में 489 छात्र हुए शामिल, 101 छात्र अनुपस्थित

**बलौदाबाजार।** आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सोनाखान विकासखंड कसडोल में शिक्षा सत्र 2025 -26 में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु 2 मार्च 2025 को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 12 तक परीक्षा केंद्र शाश्वत उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार में परीक्षा आयोजित की गई। प्रवेश परीक्षा के लिये कुल 590 छात्रों नें पंजीयन कराया था जिसमें से 489 उपस्थित एवं 101 छात्र अनुपस्थित रहे। परीक्षा के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर अरुण कुमार सोनकर ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। केंद्र में प्रकाश, पेयजल, बैठक व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था पर्याप्त पाया गया। किसी भी प्रकार का नकल प्रकरण नहीं पाया गया एवं परीक्षा शांति पूर्ण सम्पन्न हुई। इस दौरान सहायक आयुक्त आदिवासी विकास संजय कुर्रे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

# हायर सेकेण्डरी परीक्षा : प्रथम विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 की प्रथम विषय हिंदी जिले में शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। किसी भी परीक्षा केंद्र में अनुचित साधनों के प्रयोग के प्रकरण नहीं मिले। परीक्षा के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर अरुण कुमार सोनकर सहित दल के सदस्य सोमेश्वर राव, सूरज कसार, आशा शुक्ला द्वारा शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय अमेरा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय पलारी, सेजेस रोहांसी, सेजेस ओडान का आकस्मिक निरक्षण किया गया, जिसमे सभी स्कूलों में किसी भी प्रकार का नकल प्रकरण नही पाया गया एवं बैठक, प्रकाश, पेयजल, व्यवस्था सुनियोजित पाया गया।

### हाई स्कूल मुख्य परीक्षा आज से शुरू, जिले के 17347 छात्र होंगे शामिल

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा 2025 सोमवार 01 मार्च से शुरू हो रहा है। जिसमें जिले के 17347 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए जिले में 119 परीक्षा केंद्र बनाए गये हैं। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में परीक्षा आयोजन सम्बन्धी सभी तैयारियां पुरी कर ली गई है। जिले में बोर्ड परीक्षा सुचारु एवं शांतिपूर्ण संचालित हो इसके लिये 13 उड़ानदस्ता दल का गठन किया गया है जो केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा आयोजन एवं व्यवस्था क़ा जायजा लेंगे। इसके साथ ही अनुचित साधनों के प्रयोग पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी।

# पंकज की हैट्रिक पारी, तो भागमती की पहली पारी की शुरुआत, परिवार एवं लोगों में खुशी की लहर

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव2025 का चुनावी परिणाम आए लगभग एक सप्ताह बीत चुका है। जिला पंचायत, जनपद पंचायत सहित सरपंच, पंच पदों में चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों का भाग्य का फैसला हो चुका है, आइए एक रिपोर्ट त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव2025 पर प्रकाश डालते हैं, लवन तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगरीडीह में पंकज घृतलहरे ने हैट्रिक पारी लगाकर सबको चौंका दिया तो बाजार भाटा ग्राम पंचायत में भागमती कैवर्त पहली पारी की शुरुआत कर महिलाओं के लिए आदर्श उदाहरण पेश करती हुई सरपंच पद पर चुनाव जीती हैं। वहीं जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक10 छत्तीसगढ़ के सबसे हॉट शीट रहा जंहा तीन बड़े बड़े धुरंधर के अलावा अन्य प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे क्षेत्र जिला पंचायत क्रमांक10 में पवन साहू, नवीन मिश्रा, परमेश्वर यदु पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष रायपुर व पूर्व जिला पंचायत सदस्य बलौदाबाजार के बीच त्रिकोण मुकाबले में पवन साहू ने दोनों दिग्गजों को मात देते हुए भारी मतों से विजय हासिल कर जीत सुनिश्चित किये। क्षेत्र क्रमांक11 में जिला पंचायत सदस्य के पद पर अंजली विमल साहू ने जीत हासिल किये।

## श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं एवं चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था पर जोर

# गिरौदपुरी मेला का आयोजन 4 से 6 मार्च तक, गुरू गद्दीनशीन गुरूबालदास साहेब की अध्यक्षता में मेला समिति की बैठक सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



गिरौदपुरी धाम में इस साल तीन दिवसीय गुरूदर्शन मेले का आयोजन 4 से 6 मार्च 2025 तक किया जायेगा। धर्मगुरु गुरुबालदास साहेब की अध्यक्षता में गिरौदपुरी मेला आयोजन समिति की बैठक क़ा आयोजन शनिवार को जिला पंचायत के सभागार में किया गया। बैठक में मेला की तैयारी की समीक्षा तथा श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं एवं सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था पर जोर दिया गया। राजमाता गुरु प्रवीण माता, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब, राजमहंतगण, पूर्व विधायक डॉ सनम जांगड़े, कलेक्टर दीपक सोनी, एसएसपी विजय अग्रवाल सहित जिला प्रशासन के अधिकारी बैठक में उपस्थित थे। समिति के अध्यक्ष धर्मगुरु गुरुबालदास साहेब नें कहा कि बाबा गुरु घासीदास के सम्मान में लगने वाला गिरौदपुरी मेला सबकी भागीदारी से शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित सम्पन्न करने का प्रयास हो। गिरौदपुरी धाम मानव आस्था का केंद्र है जहां किसी प्रकार की भेद-भाव का कोई स्थान नहीं है। शांतिपूर्ण एवं सफल मेला आयोजन सबकी जिम्मेदारी है। शासन-प्रशासन द्वारा पूरा सहयोग किया जा रहा है। किसी प्रकार की उपद्रवी तत्वों की पहचान हो तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि गिरौदपुरी मेला लोगों के आस्था का केंद्र है जहां लाखों श्रद्धालु जुटते हैं। शासन के द्वारा यहां विशाल जैतखाम का निर्माण के साथ ही अन्य सुविधाएं मुहैया कराया गया है। मेला परिसर में सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब नें कहा कि प्रति वर्ष गिरौदपुरी धाम में मेला क़ा आयोजन किया जाता है जिसमें शासन प्रशासन क़ा पूरा सहयोग रहता है। उन्होंने कहा कि मेला समिति के सदस्य मेला अवधि में स्वयं उपस्थित रहें और व्यवस्था पर निगरानी रखें। शांतिपूर्ण एवं सफल मेला आयोजन में सबकी भागीदारी हो। उन्होंने मेला समाप्ति उपरांत मेला परिसर की साफ-सफाई पर ध्यान देने की बात कही। कलेक्टर दीपक सोनी ने बैठक की कार्यवाही का संचालन करते हुए मेले के लिए इस साल प्रस्तावित की गई व्यवस्था की जानकारी दी। मेले की तमाम व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कसडोल एसडीएम आर.आर. दुबे को मेला नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था में सहयोग प्रदान करने के लिए राज्य स्तर से करीब 23 राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की तैनाती की जा रही है। उन्होंने बताया कि मेले की तैयारी के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है, जिनके द्वारा समय पर सभी तैयारी पूरी कर ली जाएगी। दर्शनार्थियों के लिए पेयजल एवं निस्तारी जल की पर्याप्त इंतजाम रहेगी। मेला स्थल पर मौजूद 30 लाख, 8 लाख एवं 75 हजार लीटर क्षमता के टैंक को साफकराकर पानी से भरना प्रारंभ हो गया है। मंदिर परिसर, महराजी, छाता पहाड़ एवं पंच कुण्डीय में अलग से पानी टंकी का इंतजाम रहेगा। इसके साथ ही टैंकर की भी व्यवस्था रहेगा, जिसे जरूरत के हिसाब से घुमाया जा सकेगा। समुचित स्थलों पर चलित टॉयलेट और स्थायी टॉयलेटों की साफ-सफाई, बिजली संबंधी जरूरत का आकलन व पर्याप्त व्यवस्था के निर्देश दिये गए। गुरू निवास सहित सभी ठिकानों पर स्वास्थ्य विभाग की टीम तैनात रहेगी। पर्याप्त दवाईयों एवं एम्बुलैंस के साथ रहेंगे। सीएचसी कसडोल को 24 घण्टे अलर्ट मोड़ में रहने के निर्देश दिये गए हैं।मेला स्थल की साफ-सफाई के लिए प्रत्येक नगरीय निकाय से सुबह और शाम दो टाईम सफाई की व्यवस्था रहेगी। दाल-भात केन्द्र चलाने हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। मेला स्थल को 5 सेक्टर में विभाजित किया गया है। राज़ महंतों के लिए पृथक वाहन पार्किंग, 5 स्थानों पर पुलिस कंट्रोल रूम स्थापित किये जाएंगे। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल नें बताया कि मेला स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था हेतु पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं जिसकी मॉनिटरिंग पुलिस कंट्रोल रूम से होगी। अलग-अलग स्थानों दमकल गाड़ियां भी विद्यमान रहेंगी। मेला स्थल के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। सुरक्षा व्यवस्था तीन लेयर में की गई है। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल मौजूद रहेंगे। अलग से पेट्रोलिंग पार्टी की ड्यूटी लगाई गई है। मेला आने-जाने में मार्ग में कोई रुकावट न हो इसका भी ध्यान रखा जाएगा। छाता पाहाड़ में वायरलेस सेट भी लगाया गया है। गिरौदपुरी धाम के 10 किलोमीटर की परिधि में कोई भी अवैध शराब दुकान का कारोबार नहीं होगा। इसके साथ ही मेला परिसर के आस पास मांस-मदिरा बिक्री प्रतिबंधित होगा। मेला स्थल में वेंडिंग जोन भी बनाया जा रहा है।

# दस्तावेज बताते हैं बाईसन की हत्या की गई : सिंघवी


## बरनावापारा अभ्यारण से गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व भेजे गए बाईसन का मामला


पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

वन्य जीव प्रेमी नितिन सिंघवी ने बताया कि 25 जनवरी को बरनावापारा अभ्यारण से गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व भेजी गई मादा सब एडल्ट बाइसन की मौत 12 घंटे की ट्रक की यात्रा के बाद गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व पहुंचने पर हो गई थी। इस मामले में वन विभाग के ही दस्तावेज यह बता रहे हैं कि बाइसन की हत्या की गई।

वन्यजीव प्रेमी नितिन सिंघवी ने पूरे दस्तावेज शासन को भेजते हुए मृत बाइसन को न्याय दिलाने की मांग की है। सिंघवी ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) से आग्रह किया है कि वो जनता को बतायें कि कालातीत दवाई का उपयोग क्यों किया गया जिससे बाइसन मर गया? वो कौन था जिसने जंगल सफारी से कालातीत दवाई बलोदा बाज़ार वनमण्डल भेजी? वो डॉक्टर कौन था जिसने कालातीत दवाई बाइसन को लगाई? सिंघवी ने यह भी पूछा कि बारनावापारा अभ्यारण से गुरु घासीदास नेशनल पार्क 40 बाइसन भेजने की अनुमति 2018 में मिली थी उसके बाद चार साल में कोई कार्यवाही नहीं हुई फिर जनवरी 2023 में किस अधिकारी ने इसे अपना ड्रीम प्रोजेक्ट बनाया जिसके कारण बाइसन की मौत हुई?


WILDLIFE PHARMACEUTICALS
PACKING LIST
NANDANVAN ZOO & SAFARI
Delivery Incoterms: CPT
Dr Babasaheb Ambedkar International Airport (NAG)


कार्यालय, वनमण्डलाधिकारी
Range Officer
Naya, Raipur



### बेहोशी से निकालने की दवा कालातीत थी

वन्य जीव प्रेमी नितिन सिंघवी ने बताया कि बड़े वन्य प्राणियों को ट्रांस्लोकेट करने के लिए पहले उन्हें पकड़ने (कैप्चर) करने के लिए बेहोश किया जाता है। बेहोशी से निकलने के लिए उसी बेहोश करने वाली दवा की एंटीडॉट (रेवेर्सल) का इंजेक्शन दिया जाता है। दुर्भाग्यपशाली मादा सब एडल्ट बाइसन को बेहोश करने की जो दवा दी गई थी वह कैपटीवान थी। कैपटीवान कितनी ताकतवार होती है इस बात का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वह मोर्फिन से तीन से आठ हजार गुना ताकतवार होती है। मादा सब एडल्ट को कैपटीवान तो दी गई पर उसका असर पलटने के लिए जो एक्टिवोन का इंजेक्शन लगाया गया वह एक्टिवान 10 महीने पहले ही कालातीत (एक्सपार) हो गई थी, इसलिए वह एक्टिवोन असर नहीं कर पाई और मादा सब एडल्ट बाइसन की मौत ताकतवार कैपटीवान के असर में घंटो रहने के कारण हो गई।

### तड़प तड़प के मरी होगी

वन्य जीव प्रेमी नितिन सिंघवी ने कहा यदि बेहोशी से निकालने वाली एक्टिवोन का प्रयोग नहीं किया जाता है या वह कालातीत होने से अप्रभावी हो जाती है, तो बाइसन जैसे वन्यप्राणी को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ते हैं। जैसे लंम्बे समय तक बेहोश रहने से सांस लेने की दर धीमी हो जाती है जिससे मौत हो जाती है। हृदय संबंधी जटिलताएं पैदा होती है जैसे रक्तचाप और हृदय गति पर असर, हृदयघात से मौत। लम्बे समय तक बेहोश रहने से वन्यप्राणी अपने शरीर के तापमान को नियंत्रित करने में असमर्थ हो जाते हैं ऐसी बहुत तकलीफों

### क्या कहते है दस्तावेज

करने वाली कैपटीवान और बेहोशी से निकालने वाली एक्टिवोन, दोनों दवाईयां साउथ अफ्रीका के वाइल्डलाइफ फार्मास्युटिकल्स से दिसम्बर 2022 में जंगल सफारी प्रबंधन ने बुलवाई थी। इसमें से बेहोशी से निकालने वाली दवा एक्टिवोन के बैच का नंबर 123040 था जिसकी चार शीशी (प्रत्येक 10 मिलीलीटर की) आई, जिनका सीरियल नंबर 12/283, 284, 285, 286 था। इनकी कालातीत होने का समय कंपनी ने मार्च 2024 बताया था। इनमे से बाइसन ट्रांसलोकेशन के लिए सीरियल नंबर 12/283 और 284 कालातीत होने के नौ माह बाद जंगल सफारी प्रबंधन ने 27 दिसम्बर 2024 को बलोदा बाजार वनमण्डल भेजी, जहां बारनावापारा अभ्यारण आता है। 25 जनवरी 2025 को बाइसन को बा बारनावापारा अभ्यारण में बेहोश करने के बाद बेहोशी से निकालने के लिए इनमे से कालातीत एक्टिवोन का प्रयोग किया गया।

# मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ के निर्देशों की धज्जियां उड़ाते दिखे कृषि मंत्री के करीबी

## कांग्रेस प्रवक्ता का आरोप प्रशासन ने नहीं दिखाई करवाई की हिम्मत-सुनील सिंह

पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन द्वारा दिए गए निर्देशों की धज्जियां उड़ाते हुए फ़ोटो और वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रही है,और रामानुजगंज पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है,कांग्रेस प्रवक्ता एवं अधिवकता सुनील सिंह ने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए भाजपा सरकार से पूछा है कि क्या स्थानीय पुलिस माननीय उच्च न्यायालय एवं मुख्य सचिव से भी उपर हैं? माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ के आदेश के विपरीत रामानुजगंज के सड़कों पर केक काटने एवं आतिशबाजी करने वाले लोग कौन हैं,किसके इशारे पर पुलिस करवाई करने से पीछे हट रही है। हाल ही में छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने प्रदेश के समस्त बड़े अधिकारियों के साथ अहम बैठक कर निर्देश दिया था कि सड़क में किसी का जन्म दिन या कोई भी निजी कार्य करने वाले के विरुद्ध दंडात्मक करवाई की जाएगी एवं सभी जिले के एसपी इस बात का कड़ाई से पालन कराएंगे,मुख्य सचिव के इस आदेश का कड़ाई से पालन भी हो रहा था जिसके तहत पूर्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा रायपुर शहर के नवनियुक्त महापौर मीनल चौबे के पुत्र द्वारा सड़क में केक काटकर जन्म दिवस मनाने के मामले में उसपर दंडात्मक करवाई भी की गई,मगर अन्य जगह इस आदेश का खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है और प्रशासन हाथ पर हाथ धरे आराम कर रही है,गत दिवस 01 मार्च को छत्तीसगढ़ शासन के माननीय कृषि मंत्री रामविचार नेताम का जन्म दिवस था इस अवसर पर रामानुजगंज भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बीच सड़क पर केक काटते हुए एवं आतिशबाजी करते हुए मुख्य सचिव के आदेशों की जमकर धज्जियां उड़ाई,और विधिवत इसका वीडियो एवं फ़ोटो सोशल मीडिया पर वायरल भी किया गया लेकिन पुलिस प्रशासन करवाई की हिम्मत नहीं जुटा पा रही है।

रायपुर के महापौर पुत्र पर करवाई,तो रामानुजगंज भाजयुमो पर प्रशासन आखिर मेहरबान क्यों..? कांग्रेस प्रवक्ता एवं अधिवक्ता सुनील सिंह ने स्थानीय प्रशासन पर सवाल खड़े करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ माननीय उच्च न्यायालय एवं छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन द्वारा जारी निर्देश के विपरीत सड़क पर केक काटने वाले रायपुर के नवनियुक्त महापौर मीनल चौबे के सुपुत्र पर दंडात्मक करवाई की गई है,तो वही बीच सड़क पर केक काटकर उत्पात मचाने वाले रामानुजगंज भाजयुमो कार्यकर्ताओं पर रामानुजगंज पुलिस कार्यवाही करने से क्यों पीछे हट रही है क्या रामानुजगंज पुलिस की नजर में उच्च न्यायालय एवं मुख्य सचिव के आदेशों से भी बड़े हैं जो उनके आदेशों की अवहेलना कर रहे हैं,या फिर रामानुजगंज पुलिस किसी दबाव में हैं.? कांग्रेस प्रवक्ता एवं सुनील सिंह ने कहा कि रामानुजगंज क्षेत्र में ज्यादातर पुलिसकर्मी नियमविरुद्ध तरीके पोस्टेड हैं शायद इसी एहसान का कीमत चुकाने में व्यस्त हैं और भाजयुमो कार्यकर्ताओं पर मेहरबानी दिखाते हुए उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ के आदेशों का अवहेलना करते हुए भाजयुमो कार्यकर्ता पर करवाई करने के बजाए मेहरबानी किया जा रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि नियमविरुद्ध तरीके से थाना एवं चौकी का प्रभार दिए जाने से मलाईदार पोस्ट पर पदस्थ हैं,शायद इसी एहसान के नीचे दबकर सत्ता पक्ष के भाजयुमो कार्यकर्ता पर मेहरबानी दिखाते हुए करवाई करने से पीछे हट रही है,आगे सुनील सिंह ने ये भी कहा कि यदि स्थानीय पुलिस प्रशासन ने इस मामले को संज्ञान में नहीं लिया तो इस संबंध में कार्यवाही के लिए हर स्तर पर बात उठाई जाएगी। बहरहाल विचारणीय तथ्य है कि मुख्य सचिव के आदेशों की अवहेलना करने वाले पर करवाई होती है या सब लिपापोती होती है।

# संत गाडगे महाराज के विचार हम सभी के लिए अनुकरणीय : उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा वीर सावरकर भवन में आयोजित संत गाडगे महाराज जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने संत गाडगे महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण की और उनके आदर्शों को स्मरण किया। उन्होंने समाज को संबोधित करते हुए संत गाडगे महाराज के जीवन और उनके द्वारा समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री शर्मा ने घोटिया रोड में चौक के नामकरण, सौंदर्यीकरण और संत गाडगे महाराज की मूर्ति स्थापना की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह समाज के लिए प्रेरणा का केंद्र बनेगा और संत गाडगे महाराज के विचारों को आगे बढ़ाने में सहायक होगा। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ सियाराम साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, जिला पंचायत सदस्य कैलाश चंद्रवंशी, विजय पटेल सहित समाज के पद्दाधिकारी उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि संत गाडगे महाराज का जीवन समाज सेवा और स्वच्छता के प्रति समर्पित




रहा। उन्होंने पूरे समाज को स्वच्छता का महत्व समझाया और लोगों को अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि संत गाडगे महाराज के विचार हम सभी के लिए अनुकरणीय हैं, और उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही हम समाज के विकास में योगदान दे सकते हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि समाज के हित में चल रहे कार्य निरंतर जारी रहेंगे और सरकार इसमें हरसंभव सहयोग देगी। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने धोबी समाज की प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि यह समाज विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# रात्रिकालीन पीसीबी ट्रॉफी 2025 अंतर्ग्रामीण फुटबॉल टूर्नामेंट में चंदन नगर 4-0 से हरिहरपुर के सामने धमाकेदार जीत

- 26 मार्च से चल रही प्रतियोगिता में 25 टीम में 360 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया

पायनियर संवाददाता ➤ उदयपुर
www.dailypioneer.com





हरिहरपुर और चंदन नगर के बीच खेले गए पीसीबी ट्रॉफी रात्रिकालीन फुटबॉल टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल मुकाबले में चंदन नगर ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 4-0 से एकतरफा जीत दर्ज की। चंदन नगर की टीम ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, अदभुत टीम वर्क और रणनीतिक खेल से दर्शकों का दिल जीत लिया। वहीं हरिहरपुर की टीम ने चंदन नगर के कुशल क्षेत्र रक्षण के आगे घुटने टेक दिए और अंत तक एक गोल भी नहीं दाग सके। चंदन नगर की ओर से जर्सी नं. 1 आईबरन सिंह मरकाम, जर्सी नं. 5 नीलेश मरकाम, जर्सी नं. 15 बलजीत कमरो और जर्सी नं. 3 कृष्णा जगत ने एक-एक गोल दागकर टीम को शानदार जीत दिलाई। पुरस्कार वितरण समारोह में सबसे पहले मुख्य अतिथियों द्वारा पीसीबी ट्रॉफी उपविजेता टीम हरिहरपुर को 21000 का नगद पुरस्कार तथा उपविजेता पीसीबी कप प्रदान किया गया। अंत में पीसीबी ट्रॉफी की विजेता टीम, चंदन नगर को 31000 का नगद पुरस्कार तथा पीसीबी विजेता कप से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए निम्न खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया, जिनमें मैन ऑफ द मैचः राजेंद्र कुमार मरकाम (चंदन नगर), बेस्ट गोलकीपरः अजीत सिंह पोर्ते (साल्ही), बेस्ट डिफेंडरः नागेश मरकाम (चंदन नगर), बेस्ट स्कोररः योगेंद्र सिंह उईके (चंदन नगर) 4 गोल, मैन ऑफ द सीरीजः राजेंद्र कुमार मरकाम (चंदन नगर)। आयोजन में प्रमुख अतिथि के रूप में रवि अग्रवाल (विधायक, अंबिकापुर प्रतिनिधि), राकेश अग्रवाल (भाजपा नेता), अखंड विधायक सिंह (मंडल अध्यक्ष, देवगढ़), प्रभोध सिंह (मंडल अध्यक्ष, रामगढ़), रैमुनिया सिंह करियम (डीडीसी सदस्य, सरगुजा), विजय कोर्राम (सरपंच, साल्ही), श्रीपाल सिंह पोर्ते (सरपंच, बासेन), पवन ओझा (कार्यकारी अभियंता कोयला खनन, आरआरवीयूएनएल), अमिता सिंह टेकाम (एमयूबीएसएस, अध्यक्ष), सत्येंद्र बघेल (क्लस्टर प्रमुख के प्रतिनिधि, एईएल, सरगुजा), और राम द्विवेदी (क्लस्टर हेड एचआर, एईएल) उपस्थित थे। मैच के दौरान कमेंट्री की बागडोर अर्जुन सिंह ने संभाली, जिन्होंने अपने जीवंत वर्णन से दर्शकों को खेल के हर रोमांचक पल से जोड़े रखा। निर्णायक की भूमिका में संतोष कुमार श्रीवास्तव, बजरंग सिंह, और कम्मे सिंह ने अपने निष्पक्ष निर्णयों और सटीकता से मैच का सफल संचालन किया। कार्यक्रम का संचालन सौरभ सिंह ने कुशलतापूर्वक किया। फुटबॉल क्लब साल्ही और ग्राम पंचायत साल्ही के सदस्यों ने सभी मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका आभार व्यक्त किया। अंत में, सीएसआर हेड अशोक पांडा ने सभी अतिथियों का धन्यवाद करते हुए आयोजन के सफल संचालन में उनके सहयोग की सराहना की। उन्होंने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की भी प्रशंसा की और सभी उपस्थितजनों का धन्यवाद किया। सभी मुख्य अतिथियों ने इस रात्रिकालीन फुटबॉल टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए फुटबॉल क्लब साल्ही और ग्राम पंचायत साल्ही की प्रशंसा की। उन्होंने आयोजन समिति की मेहनत, समर्पण और खिलाड़ियों की खेल भावना की सराहना करते हुए भविष्य में ऐसे और आयोजनों के लिए प्रेरित किया।

# 09 प्रकरण में 2,900 रूपये समन शुल्क एवं 105 प्रकरण न्यायालय किया गया पेश

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत 01 मार्च 2025 को थाना नवागढ 11 चालान में 11 व्यक्ति, थाना खम्हरिया 11 चालान में 11 व्यक्ति, थाना बेरला 32 चालान में 32 व्यक्ति, थाना परपोडी 09 चालान में 09 व्यक्ति, थाना



चंदनू 03 चालान में 03 व्यक्ति, चौकी मारो 17 चालान में 17 व्यक्ति, चौकी कंडरका 11 चालान में 11 व्यक्ति, चौकी संबलपुर 09 चालान में 09 व्यक्ति, यातायात बेमेतरा 11 प्रकरण में 11 व्यक्ति, कुल 114 वाहन चालको के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें 105 चालान माननीय न्यायालय पेश किया गया तथा यातायात के नियमो का उल्लघंन करने वाले वाहन चालक के विरूद्ध 09 प्रकरण में कुल 2,900/- रूपये समन शुल्क लिया गया। इसी क्रम में 01 मार्च 2025 को थाना दाढी, परपोडी, खम्हरिया एवं बेरला में आम जगह पर शराब सेवन करने एवं शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने का 10 प्रकरण में 10 आरोपी के विरूद्ध धारा 36(च) एवं 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं।

## महाविद्यालय की बुनियादी सुविधाओं को लेकर माँग पत्र

# वार्षिक स्नेह सम्मेलन में पहुंचे उपमुख्यमंत्री और सांसद, महाविद्यालय के विकास कार्यों को लेकर दिया आश्वासन

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com












शासकीय राजमाता विजया राजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय कवर्धा में आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार समारोह में छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पांडेय शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने इन आयोजन के लिए महाविद्यालय परिवार और विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने खेल, कला,सहित शिक्षा के क्षेत्र में महाविद्यालय का नाम रौशन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आप लोगो की कड़ी मेहनत से राज्य के इस महाविद्यालय का नाम की ख्याति फैल रही है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने महाविद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता और आधारभूत संरचना को मजबूत करने पर बल दिया। उपमुख्यमंत्री और सांसद ने आश्वासन दिया कि महाविद्यालय की जरूरतों को शीघ्र पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान महाविद्यालय की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और वर्षभर की उपलब्धियों के लिए विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने महाविद्याल के प्राचार्य द्वारा सौपे गए मांग पत्रों का जिक्र करते हुए कहा कि महाविद्यालय की समस्याओं और आवश्यक मांगों को पूरी गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैंने इन मांगों को ध्यानपूर्वक सुना है और इन्हें प्राथमिकता में रखते हुए पूरा करने का हरसंभव प्रयास करूंगा। उन्होंने महाविद्यालय के प्रथम तल निर्माण को लेकर विशेष प्रयास किए जाने की बात कही और कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अलावा, उन्होंने भारतीय दंड संहिता में राष्ट्रहित और लोकहित में किए गए संशोधनों पर भी चर्चा की और कहा कि नए कानून देश की सुरक्षा और विकास में अहम भूमिका निभाएंगे।उन्होंने नई शिक्षा नीति पर भी विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह शिक्षा नीति शिक्षा के साथ सशक्त रोजगार देने में भी अपनी भूमिका निभाएगी। सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाई का अवसर मिलेगा, जिससे ज्ञान अर्जन और अधिक सहज होगा। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय की आधारभूत जरूरतों को पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ सियाराम साहू, पूर्व विधायक अशोक साहू, जिला पंचायत सदस्य कैलाश चंद्रवंशी, सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं महाविद्यालय के प्रोफेसर एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. के. तिग्गा ने महाविद्यालय के आधारभूत विकास से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर उपमुख्यमंत्री एवं सांसद को मांग पत्र सौंपा। प्राचार्य ने महाविद्यालय के प्रथम तल निर्माण, बाउंड्रीवाल, साइकिल स्टैंड, स्नातकोत्तर कक्षाओं की शुरुआत तथा अतिरिक्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक पदों की स्वीकृति की मांग की। उन्होंने यह भी बताया कि महाविद्यालय में फिलहाल केवल स्नातक स्तर की कक्षाएं संचालित हैं। छात्राओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए एम.एस.सी. (वनस्पतिशास्त्र, प्राणीशास्त्र, भौतिकशास्त्र, गणित, कम्प्यूटर साइंस), एम.ए. (राजनीतिविज्ञान, समाजशास्त्र, हिंदी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, भूगोल) एवं एम.कॉम. विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाएं प्रारंभ करने की मांग की गई है।

नई शिक्षा नीति 2020 के तहत सेमेस्टर प्रणाली लागू होने से महाविद्यालय में अतिरिक्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक पदों की आवश्यकता जताई गई है। प्राचार्य ने मांग पत्र में महाविद्यालय के समुचित संचालन के लिए नए पदों की स्वीकृति की आवश्यकता पर जोर दिया।




संकलनकर्ता -श्यामसुंदर पुरोहित, संवाददाता, भाटापारा, मो. 97556-85116

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403